# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025


जालसाजों के डर से म्यूचुअल फंड तुड़वाने के साथ गोल्ड लोन लेने के साथ कर्ज लेकर जालसाजों के अकाउंट में राशि जमा की

# बुजुर्ग प्रोफेसर को 27 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा, मनी लॉन्ड्रिंग एक्सटार्सन का भय दिखाया और ठग लिए 88 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

जालसाजों ने गवर्मेंट इंजीनियरिंग कालेज के एक बुजुर्ग प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर गिरफ्तारी का भय दिखाकर 88 लाख रुपए की ठगी की है। जालसाजों ने प्रोफेसर को मनी लॉन्ड्रिंग, मानव तस्करी तथा एक्सटार्सन का आरोपी होने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। जालसाजों ने प्रोफेसर तथा उनकी पत्नी के बैंक खातों से चार अलग-अलग बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराई। प्रोफेसर की रिपोर्ट पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जालसाजों ने 19 जून से 16 जुलाई के बीच प्रोफेसर के साथ ठगी की है। भाठागांव, जलगृह मार्ग, अभिनंदन टॉवर निवासी संतोष दबड़घाव (62) ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया है कि 19 जून को वह कालेज जाने के ▶▶| शेष पेज 7 पर

## चार अलग-अलग बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराई



### झांसे में लेने गिरफ्तारी का भय दिखाया

जालसाजों ने सतोष को झांसे में लेने के लिए अपराधियों द्वारा उनके मोबाइल नंबर तथा आधार कार्ड पर बैंक में अकाउंट खुलवाकर उनके अकाउंट में मानव तस्करी, एक्सटार्सन तथा मनी लांड्रिंग की रकम ट्रांजेक्शन होने का झांसा दिया। प्रोफेसर को अपने जाल में फंसाने के बाद जालसाजों ने उनसे उनकी बैंक से जुड़ी सभी जानकारी हासिल कर सुरक्षा के लिहाज से दिए गए बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर करने कहा। रकम ट्रांसफर नहीं करने पर गिरफ्तारी का भय दिखाया। सरकारी की जगह किसी दूसरे के अकाउंट में रकम ट्रांसफर करने का कारण पूछने पर जालसाजों ने प्रोफेसर को ▶▶| शेष पेज 7 पर

फैक्ट फाइल

### सुप्रीम कोर्ट का फर्जी आदेश भी

*अकाउंट में रकम ट्रांसफर होने देर होने पर जालसाज प्रोफेसर को सुप्रीम कोर्ट का फर्जी आदेश दिखाकर प्रोफेसर को स्थानीय पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तार किए जाने की धमकी देते थे। जालसाजों ने प्रोफेसर को इस बुरी तरह से डराया कि जांच के नाम पर उनके म्यूचुअल फंड को तुड़वाकर अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए।*

### पत्नी के नाम पर गोल्ड लोन लिया, बैंक से कर्ज भी

*जालसाज ने प्रोफेसर को पूरी तरह से ठग लिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए रकम वापस देने 31 लाख रुपए और मांगे। प्रोफेसर ने पैसे समाप्त होने की बात कही, तो जालसाजों ने उनको पैसा जमा करने समय दिया। पैसा जमा नहीं करने पर गिरफ्तारी का भय दिखाया। घबराकर प्रोफेसर ने अपनी पत्नी के जेवर बैंक में गिरवी रखने के साथ उनके नाम पर बैंक से लोन लेकर जालसाजों के अकाउंट में ट्रांसफर किया।*

### पुलिस की बात मान लेते तो नहीं होते ठगी का शिकार

*संतोष जालसाजों के अकाउंट में 13 लाख रुपए ट्रांसफर कर चुके थे। इस दौरान पुलिस को प्रोफेसर के साथ ठगी की भनक लगी। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने संतोष से संपर्क किया, तो उन्होंने पुलिस को किसी तरह से जानकारी नहीं दी। इसके बाद पुलिस ने आगे किसी तरह से कार्रवाई नहीं की। जालसाजों ने संतोष को उनके साथ हो रही बातचीत की जानकारी किसी को नहीं देने की हिदायत दी थी।*






- आपदाग्रस्त धराली में मलबे से एक शव बरामद, 150 लोग सुरक्षित निकाले गए
- 100 से ज्यादा लापता

# न मकान बचे, न होटल, न लोग...
# मलबे में 'जीवन' की तलाश



मलबे में 'जीवन' की तलाश



उत्तराखंड में तीन घंटे में तीन इलाकों में भारी तबाही मची। उत्तरकाशी में बादल फटने से प्रभावित इलाके धराली में तबाही ही तबाही नजर आ रही है। बुधवार को धराली, हर्षिल और सुखी टॉप में सर्च ऑपरेशन जारी रहा। त्रासदी में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और बाकी टीमें बिना रुके, बिना थके जी-जान से रेस्क्यू में लगी है, ताकि वहां फंसे लोगों को जल्द से जल्द बाहर निकाला जा सके।

एजेंसी ▶▶| उत्तरकाशी

उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के आपदाग्रस्त धराली गांव में मलबे से बचाव दलों ने बुधवार को एक शव बरामद कर लिया जबकि भारी बारिश के बीच जारी राहत एवं तलाश अभियान में 150 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर उनसे बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। मंगलवार दोपहर बाद बादल फटने से खीरगंगा ▶▶| शेष पेज 7 पर



### आवाजाही ठप

राजाजी बाघ अभयारण्य की मोतीचूर रेंज से गुजरने वाली रेलवे पटरी पर मंगलवार देर शाम भूस्खलन हो गया, जिससे हरिद्वार से ऋषिकेश और देहरादून की ओर जाने वाली ट्रेनों की आवाजाही ठप हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों के लिए हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

### खतरे के निशान पर गंगा

हरिद्वार में गंगा नदी खतरे का निशान पार कर गयी है। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में लगातार बारिश होने से हरिद्वार में गंगा 294 मीटर के अपने खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर उपर बह रही है। गंगा के किनारे बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है तथा लोगों से फिलहाल नदी से दूरी बनाए रखने की अपील की गयी है।

### 100 से ज्यादा जवान राहत-बचाव में जुटे

प्रदेश के गृह सचिव शैलेश बगौली ने बताया कि आईटीबीपी, बीआरओ और एसडीआरएफ के 100 से ज़्यादा जवान घटनास्थल पर बचाव अभियान में लगे हुए हैं। कई और कर्मी जल्द ही इसमें शामिल होने वाले हैं। फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए भारतीय सेना ने एमआई-17 और चिनूक हेलीकॉप्टरों को तैयार रखा हुआ है जो मौसम साफ होते ही उड़ान भरेंगे।

### केरल के 28 पर्यटक लापता

केरल के 28 पर्यटकों का ग्रुप धराली की घटना के बाद से लापता है। परिवार के सदस्यों ने कहा- एक दिन पहले सभी ने गंगोत्री की यात्रा पर जाने की बात कही थी, लेकिन लैंडस्लाइड के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। गंगोत्री तीर्थयात्रियों के प्रमुख पड़ाव धराली गांव के बाजार-मकान, होटल बह गए।

### किन्नौर कैलाश यात्रा स्थगित 413 तीर्थयात्रियों को बचाया गया, 617 सड़कें अवरुद्ध

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त होने से किन्नौर कैलाश यात्रा को स्थगित कर दिया गया। 413 फंसे हुए श्रद्धालुओं को बचाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ने के कारण तंगलिप्पी और कांगरंग में दो अस्थायी पुल बह जाने के बाद श्रद्धालु फंस गए थे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने 'एक्स' पर बचाव कार्यों के वीडियो साझा किए जिनमें श्रद्धालु नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे तक जिपलाइन के जरिए जाते देखे जा सकते हैं। किन्नौर जिला प्रशासन को पैदल मार्ग पर फंसे तीर्थयात्रियों के बारे में एक आपात सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि इसकी प्रतिक्रिया में आईटीबीपी और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने बचाव अभियान शुरू किया। किन्नौर जिला प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर बारिश के कारण हुए भारी नुकसान के बाद किन्नौर कैलाश यात्रा स्थगित कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश पैदल मार्ग या तो खतरनाक रूप से फिसलन भरे हो गए हैं या भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं, जिससे तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

### सीएम धामी ने किया सर्वे

मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। उसके बाद उन्होंने उत्तरकाशी आपदा नियंत्रण कक्ष से राहत एवं बचाव कार्यों की गहन समीक्षा की। धामी ने प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और सेना के प्रतिनिधियों से भी स्थिति की जानकारी ली और उन्हें राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। धामी ने बताया, 'बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। सेना, आईटीबीपी और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गयी है। करीब 70-80 लोगों को बचा लिया गया है...एक सड़क अवरुद्ध है।

## खबर संक्षेप

### 1 अक्टूबर से एअर-इंडिया की सभी फ्लाइट्स उड़ान भरेंगी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक अक्टूबर से पूरी तरह से



इंटरनेशनल फ्लाइट्स का परिचालन शुरू करेगी। सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बताया कि 1 अगस्त से कुछ इंटरनेशनल फ्लाइट्स ने उड़ान भरना शुरू कर दिया है और 1 अक्टूबर तक सभी फ्लाइट्स शुरू करने का लक्ष्य है।

### एसबीआई की प्रबंधक मुख्य प्रबंधक पर केस

**नई दिल्ली।** नोएडा में ग्राहक के पचास लाख रुपए के गहने गबन करने के मामले में एसबीआई की प्रबंधक और मुख्य प्रबंधक के खिलाफ फेज-दो थाने में मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि दोनों ऋण की राशि जमा करने के बावजूद गहने वापस नहीं कर रहे थे। फेज-2 के थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि सेक्टर-92 निवासी विवेक पुष्कल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ऑक्सीजन सिलेंडर संयंत्र में विस्फोट, दो की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली जिले में एक ऑक्सीजन सिलेंडर संयंत्र



में बुधवार को विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए। मोहाली के फेज-9 में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र के संयंत्र में यह हादसा हुआ। उप-विभागीय मजिस्ट्रेट सहित पुलिस और लोक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर मौजूद हैं।

काम कर रहे पांच से अधिक मजदूर दब गए

## एनटीपीसी में एयर हीटर प्लेटफार्म टूटा, 1 मजदूर की मौत, 4 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यूनिट-5 में काम के दौरान एयर प्री फिल्टर का प्लेटफार्म अचानक गिर गया, जिससे वहां काम कर रहे 5 से अधिक मजदूर दब गए। मौके पर मौजूद टीम ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन एक मजदूर श्याम साहू पिता नारायण साहू (27 वर्ष)ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### एनटीपीसी प्लांट में हुए हादसे

***फरवरी 2019***

*बिलासपुर के सीपत स्थित प्लाट में बॉयलर बॉटम में काम करते समय डीजीएम सहित 9 मजदूर करीब 20 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गए थे। इस दौरान नीचे पानी में गिरने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई थी।*

***अगस्त 2014***

*कोरबा स्थित पावर प्लांट की 7 नंबर इकाई में काम चल रहा था। उसी समय बॉयलर का पाइप फट गया। इसमें दो इंजीनियर समेत 8 कर्मचारी गर्म राख की चपेट में आ कर झुलस गए थे।*

15 किलो पीतल का है हाथी, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

## सिंहदेव के कोठीघर में धावा पीतल का हाथी ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के कोठी घर में चोरों ने धावा बोला है। चोर कोठी के मुख्य द्वार पर लगे पीतल के हाथी की विशाल मूर्ति ले गया। चोरी की यह घटना परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है लेकिन फिलहाल चोर का सुराग पुलिस नहीं लगा पाई है। अधिकारी इस मामले में जांच करने की बात कह रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विदेश दौरे पर पूर्व डिप्टी सीएम

*पूर्व डिप्टी सीएम विदेश दौरे पर हैं वहीं पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव भी बाहर हैं। ऐसे में कोठी घर में फिलहाल कोई मौजूद नहीं है। इस घटना की शिकायत कोठीघर में पदस्थ मैनेजर ब्रम्हपारा* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### चल रही है जांच

*कोठीघर में चोरी की शिकायत मिली है। मामले में अपराध दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच चल रही है।*

*-अमलोक सिंह ढिल्लो, एएसपी*






## आरबीआई ने रेपो दर को 5.5 फीसदी पर कायम रखा

# महंगा नहीं होगा लोन, वही रहेगी ईएमआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

खास खबर

भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया। ऐसे में लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। नीति निर्माता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से उत्पन्न जोखिमों और उच्च शुल्क की आशंका से जुड़ी अनिश्चितताओं का फिलहाल आकलन कर रहे हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाले मौद्रिक नीति समिति ने आम ▶▶| शेष पेज 7 पर

- आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में बैठक



### इन्हें हुई निराशा

रेपो रेट में कमी नहीं होने से होम लोन के उन लोगों को निराशा हुई है, जो घर खरीदने के लिए होम लोन और कार खरीदने के लिए रेपो रेट में कमी का इंतजार कर रहे थे। आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी।

### यूपीआई हमेशा फ्री नहीं रह सकता

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 अगस्त को साफ कर दिया कि यूपीआई के पीछे जो सिस्टम काम करता है वह हमेशा फ्री नहीं रह सकता। अगस्त की मॉनेटरी पॉलिसी पेश करने के दौरान उन्होंने कहा कि असल मसला यह तय करना है कि यूपीआई पेमेंट पर आने वाली कॉस्ट कौन चुका रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे में फैसला सरकार को लेना है।

### जनधन खाते की फिर करानी होगी केवाईसी

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि जनधन योजना के 10 साल पूरे होने के मौके पर देश भर में खातों का रिव्यू किया जा रहा है। इसी के तहत 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक पंचायत स्तर पर केवाईसी कैंप लगाए जा रहे हैं। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि पंचायत स्तर पर कैंप लगाए जा रहे हैं, ताकि गांव-देहात में रहने वाले जनधन खाताधारकों को बैंक तक जाने की जरूरत न पड़े। बैंक अब डोरस्टेप पर सर्विस देने की कोशिश कर रहे हैं। इन कैंप्स में केवल केवाईसी ही नहीं, बल्कि नए खाते खोलने, ग्राहक शिकायत समाधान, सूक्ष्म बीमा और पेंशन योजना जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

कई बार इंसानी हौसले के सामने प्रकृति और मुश्किलें भी नतमस्तक हो जाती हैं। खासकर तब जब उसमें मानवीय मूल्य जुड़े हों। आज एक ऐसी ही घटना बस्तर में हुई। बस्तर जिले के ब्लॉक बास्तानार से एक गर्भवती महिला को लेने के लिए 102 महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने बहती नदी को पार कर गर्भवती महिला तक पहुंचे, वहां महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इससे परिजनों के आंखों में आंसू झलक उठे और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# उफनती नदी को पार कर पहुंचे 102 के कर्मी, महिला ने दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बास्तानार ब्लाक के गांव बड़े बोदेनार में रहने वाली एक परिवार ने मंगलवार की सुबह बड़े बोदेनार रोडपारा में रहने वाली गर्भवती महिला श्रीमती लच्छो के प्रसव को लेकर परिजनों ने 102 महतारी एक्सप्रेस से मदद की मांगी। उसके बाद वाहन चालक उमेश वेट्टी द्वारा बड़े बोदेनार के लिए रवाना हुआ, गांव पहुंचने से पहले एक उफान में चल रही नदी को पार करना था। वाहन चालक 102 महतारी एम्बुलेंस के बिना देर किए उस उफनते नदी को पार कर महिला के पास पहुंचे, जहां परिजनों की मदद से वाहन चालक ने एक डोली बनाकर महिला को उसमें बैठाकर वापस उसी नदी को पार कर एम्बुलेंस तक पहुंचा। वाहन चालक के इस काम को देख लोगों ने वीडियो भी बनाया, जहां उसे शेयर भी किया गया। एम्बुलेंस चालक ने स्थानीय ग्रामीणों के मदद से मरीज को सुरक्षित रूप से सीएचसी बड़े किलेपाल पहुंचाया। श्रीमती लच्छो को समय पर स्वास्थ्य लाभ मिलने पर सीएचसी बड़े किलेपाल में एक सफल प्रसव हुआ। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, इससे परिजनों ने 102 महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारियों को धन्यवाद भी दिया।

## वाहन चालक ने डोली बनाकर महिला को नदी पार कर एम्बुलेंस तक पहुंचाया





### ड्राइवर ने 25 किमी का सफर किया तय

बताया जा रहा है कि बास्तानार से बड़े बोदेनार 25 किमी था। ड्राइवर ने अपनी जान की परवाह किए बगैर नदी को पार कर 2 किमी पैदल जाकर महिला को लाए। जहां महिला ने एक कन्या को जन्म दिया।

### चालक की हुई प्रशंसा

स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि 102 महतारी एम्बुलेंस के चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला को अस्पताल पहुंचाया। चालक की जितनी प्रशंसा किया जाए कम है।

## खबर संक्षेप

### एनआरआई कोटा खत्म करने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं शारीरिक उपचारात्मक प्रवेश नियम 2025 में एनआरआई कोटा समाप्त करने पेश याचिका को जनहित के बजाय व्यक्तिगत होने के कारण खारिज करते हुए जमा अमानत राशि जब्त करने का निर्देश दिया है। रायपुर निवासी समाज सेवी ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचित मेडिकल प्रवेश नियम 2025 के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी। नियम में एनआरआई कोटा रखे जाने को असंवैधिनक घोषित करने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि उनके परिवार व रिश्तेदार के बच्चे चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं शारीरिक उपचारात्मक में प्रवेश लेन नीट परीक्षा दे रहें। इसके कोटा निर्धारित किए जाने से इन बच्चों पर प्रभाव पड़ता है। प्रवेश नीट के आधार पर दिए जाने का आदेश देने की मांग की गई थी।

### तालाब में डूबने से एक बच्ची की मौत

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में लगातार मासूम बच्चों के तालाब में डूबने से मौत की खबरें झकझोर के रख दिया है। आज दोपहर 2 बजे के लगभग बांधाबाजार में ढाई वर्षीय बच्ची खेलते हुए लबालब भरे तालाब में समा गई। बीते तीन दिनों के भीतर अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र में मासूमों के तालाब में मौत की दूसरी घटना है। अब तक 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। आज तीसरे दिन बांधाबाजार में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 3 वर्षीय मासूम जानवी की तालाब में डूबने से मौत हो गई है।

बांधाबाजार निवासी पवन गंधर्व दोपहर 2 बजे के समय अपनी पत्नी के साथ घर के काम में व्यस्त थे। मृतिका जानवी घर में माता-पिता के सामने पालतू कुत्ता के साथ खेल रही थी, तभी अचानक जानवी की मां बाल बनाने के लिए कंघी लाने कमरे के भीतर अंदर गई और उसी दरमियान तालाब के किनारे स्थित घर से निकलकर जानवी तालाब में डूब गई। बताया गया कि घर के सामने ही तालाब है और जानवी खेलते खेलते घर के आगे तालाब में बने पचरी तक कब पहुंच गई। जानवी पचरी से नीचे तालाब में गिर गई।

## सरकार ने नई औद्योगिक नीति में किया बदलाव

# आत्मसमर्पित नक्सलियों की तरह प्रभावितों को भी औद्योगिक नीति का मिलेगा लाभ, बदले गए नियम

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने अपनी नई औद्योगिक विकास नीति- 2024-30 में राज्य के आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पहले ही कई प्रावधान किए हैं, लेकिन अब नक्सलवाद प्रभावितों के लिए भी मदद का रास्ता खोल दिया गया है। खास बात ये है कि राज्य सरकार ने इस संबंध में औद्योगिक विकास नीति में नए प्रावधान किए हैं और इसे लागू भी कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने औद्योगिक नीति की एक कंडिका जिसमें निवेशकों के वर्गीकरण किया गया है उसमें यह बदलाव किया गया है कि जो प्रावधान दिव्यांग निशक्त के लिए रखे गए हैं उसमें आत्मसमर्पित नक्सली व्यक्ति भी जोड़ दिया गया है। यानि इस श्रेणी में अब आत्मसमर्पित व्यक्ति भी इसमें शामिल किए गए हैं। यह भी साफ किया गया है कि आत्मसमर्पित नक्सली व्यक्ति या अर्थ वही होगा जो छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत पुनर्वास नीति 2025 में परिभाषित है। इसी संशोधन में यह भी कहा गया है कि औद्योगिक नीति में जहां जहां आत्मसमर्पित नक्सली व्यक्ति शब्द आया है उसके साथ ही नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति भी जोड़ा जाएगा। इसका मतलब ये है कि औद्योगिक नीति में जहां आत्मसमर्पित नक्सली व्यक्ति के लिए प्रावधान किए हैं वही प्रावधान अब नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति को भी मिलेंगे।

### अब नक्सल पीड़ित को भी मिलेगा ये लाभ

औद्योगिक नीति की एक कंडिका में यह प्रावधान है कि नवीन पात्र, सूक्ष्म एवं लघु मध्यम सेवा उद्यम निशक्त जनों एवं राज्य के सेवा निवृत्त अग्निवीर, आत्म समर्पित नक्सली व्यक्ति को स्थायी नौकर प्रदान करने पर उनके शुद्ध वेतन पारिश्रमिक की 40 प्रतिशत अनुदान राशि की अनुदान पूर्ति पांच वर्ष की अवधि तक अधिकतम रुपए पांच लाख तक वार्षिक प्रदान सीमा तक की जाएगी।



### नक्सली हिंसा में पीड़ित परिवार या व्यक्ति लाभ के लिए होंगे पात्र

ऐसा व्यक्ति जिसे स्वयं का या जिसकी संपत्ति को नक्सली पुलिस मुठभेड़ के दौरान क्रास फायरिंग इत्यादि के कारण क्षति कारित हुई है। व्यक्ति की क्षति में मृत्यु तथा शारीरिक अपंगता व अन्य गंभीर चोट सम्मिलित है। (40 प्रतिशत या अधिक स्थाई अपंगता में स्थाई अपंगता हेतु निर्धारित राशि का पूर्ण भुगतान किया जायेगा। स्थाई अपंगता एवं गंभीर चोट की स्थिति जिला मेडिकल बोर्ड के प्रमाण-पत्र के आधार पर मान्य होगा। राज्य अंतर्गत घटित नक्सली हिंसा में यदि अन्य राज्य के व्यक्ति या परिवार पीड़ित होते हैं, तो वे भी इस नीति के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिये पात्र होंगे।

### नक्सलवाद पीड़ित व्यक्ति कौन

राज्य सरकार की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत पुनर्वास नीति में साफ किया गया है कि नक्सलवाद पीड़ित किसे माना जाएगा। इसमें ये शामिल है कि जिस व्यक्ति या परिवार के सदस्य की नक्सलियों द्वारा हत्या कर दी गई हो, नक्सली घटना में मृत्यु, या स्थाई अपंगता, स्थाई तौर पर शारीरिक रूप से अक्षम कर दिया गया हो अथवा गंभीर रूप से घायल कर दिया गया हो। जिस व्यक्ति या परिवार की चल अचल संपत्ति को नक्सलियों द्वारा क्षति पहुंचा दी गई हो। परिवार के अंतर्गत परिवार के मुखिया, मुखिया की पत्नी, पुत्र, पुत्री, आश्रित माता-पिता एवं आश्रित भाई-बहन शामिल होंगे। यह भी साफ किया गया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति या किसी भी आर्थिक सुविधा लाभ के लिए पीड़ित परिवार के किसी अन्य सदस्य का शासकीय सेवा में होना उसकी अर्हता को प्रभावित नहीं करेगा। पुलिस के विशेष सहयोगी को नक्सलियों द्वारा क्षति पहुंचाने पर ये भी नक्सलवाद पीड़ित व्यक्ति की श्रेणी में सम्मिलित होंगे।

## खेत में काम करने के दौरान हुई घटना

# गाज की चपेट में आने से दंपति की गई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खेत में काम कर रहे दंपति पर वज्रपात होने से पति-पत्नि की मौके पर ही मौत हो गई। जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुढ़ीपार में दोपहर में आकाशीय बिजली गिरने की इस घटना में एक अन्य महिला भी घायल हो गई है। जिसका ईलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार पिथौरा ब्लॉक के ग्राम मुढ़ीपार निवासी राधेश्याम दीवान (35) और उसकी पत्नी रत्ना बाई दीवान (30) और एक अन्य उमेश्वरी दीवान (30) सुबह अपने खेत पर काम करने गए थे। दोपहर करीब 3 बजे तेज गर्जना हुई। इस दौरान सभी लोग खेतों में काम में व्यस्त थे। तभी आकाशीय बिजली राधेश्याम और रत्ना बाई पर गिरी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कुछ दूरी पर खेत में काम कर रही उमेश्वरी भी घायल हुई।

### घायल महिला का ईलाज जारी

आसपास काम कर रहे लोगों ने इस घटना की सूचना तुरंत गांव के सरपंच को दी। सरपंच ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल उमेश्वरी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतक दंपती के शवों को पोस्टमार्टम के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# 26.36 करोड़ का गबन, इलेक्ट्रोमेट कम्पनी का डायरेक्टर इंदौर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छग समेत चार राज्यों में 26 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले आर्बिट इलेक्ट्रोमेट कम्पनी के डायरेक्टर को कोतवाली पुलिस ने इंदोर से गिरफ्तार किया है। मामले में फरार पर्चेस मैनेजर की तलाश की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में 9 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। एएसपी माहेश्वर नाग ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पिग आयरन खरीदी कर रकम वापस न कर गबन कर धोखाधड़ी मामले में आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ प्रार्थी मोहित चावड़ा ने



रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आर्बिट इलेक्ट्रोमेट इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड के संचालक अनिल राय व कंपनी का पर्चेस मेनेजर राहुल चौहान द्वारा पिग आयरन लेकर रकम 64 लाख 51 हजार 143 रूपए वापस न कर गबन कर धोखाधड़ी किया गया है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली जगदलपुर में धारा 318(4), 316(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही थी।

### छग समेत इन राज्यों में मामला दर्ज रायपुर से गिरफ्तारी वारंट जारी..

आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद अब तक की विवेचना के दौरान पता लगा कि आरोपी अनिल राय के खिलाफ बिहार के 2 थाना, उत्तरप्रदेश के 1 थाना, महाराष्ट्र के 2 थाना में भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा छग के जगदलपुर के अलावा दुर्ग में 2 व रायपुर में एक कुल 9 धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। इन मामलों में आरोपी द्वारा कुल 26 करोड़ 36 लाख 74 हजार 904 रूपए की धोखाधड़ी का पता चला है। जांच में यह भी पता लगा कि आरोपी अनिल राय के खिलाफ रायपुर के आमानाका थाना में दर्ज मामले में न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया है।






## नहीं लगाने वालों की बिजली बिल में विशेष रियायत हो सकती है बंद

# पॉवर कंपनी ने कर्मचारियों से कहा-3 माह में लगाएं अपने परिसर में सोलर पॉवर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्य अभियंता छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सभी नियमित अधिकारी, कर्मचारियों को अपने आवासीय परिसरों में तीन ताह के भीतर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी है। उन्होने कहा, अधिकारी, कर्मचारी अपने स्वयं के आवासीय परिसर में रूफटॉप सोलर प्लांट की स्थापना किया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा पॉवर कंपनी द्वारा दी जा रही बिजली बिल में विशेष रियायत की सुविधा को स्थगित किये जाने पर विचार किया जाएगा। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने ऐसे अधिकारी, कर्मचारी बोर्ड क्वार्टर, किराए के मकान या बहुमंजिला इमारतों में रह रहे हैं, वे अपने गृहनगर में स्थित स्वयं के या पुश्तैनी मकान पर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर सकते हैं। बहुमंजिला इमारत में रहने वाले अधिकारी कर्मचारी, वर्चुअल नेट मीटरिंग के माध्यम से रिहायशी सोसाइटी सदस्यों के समन्वय में आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने के लिए एक वॉट से तीन किलो वॉट तक पर केन्द्रीय और राज्य सरकार द्वारा 45 हजार से एक लाख 8 हजार रुपए तक अनुदान दिया जाएगा।

### बिजली के क्षेत्र में बने आत्मनिर्भर : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदुषण मुक्त बिजली की ओर छत्तीसगढ़ को अग्रसर करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को प्रोत्साहित करने संबंधितों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्‌देश्य सौर उर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु घर-घर आवश्यकता अनुरूप सौर उर्जा संयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं मासिक बिजली बिल में कमी लाना है।

### लोन की सुविधा

मुख्य अभियंता छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने कहा, अधिकारी, कर्मचारियों को एक वॉट से तीन किलो वॉट तक की क्षमता के रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने हेतु 6 प्रतिशत के ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए बैंक द्वारा लोन की सुविधा है उपलब्ध करायी जाएगी, जिसकी ईएमआई राशि समान्य मासिक बिल से भी कम है। उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

रायपुर

गुरुवार, 7 अगस्त 2025

श्रावण शुक्ल पक्ष त्रयोदशी

वर्ष : 24, अंक : 22

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 35.20

न्यून. 26.60

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



3 ब्राइडल लुक में आईं नजर





विचार पेज

4 टैगोर : वो दीप जो उजाला बन गया








Ninh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कार नदी में गिरी तीन की मौत

**शिमला।** शिमला जिले में पब्बर नदी में एक कार के गिरने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। यह दुर्घटना चिरगांव के पास आधी रात के आसपास हुई जब चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। हादसे के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया और नदी से शव बरामद किए गए। मृतकों की

### बाइक और ट्रक की टक्कर परिवार के तीन की मौत

**क्योंझर।** जिले में बुधवार को तेज गति से जा रहे एक ट्रक के मोटरसाइकिल को टक्कर मार देने से एक ही परिवार के कम से कम तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में 11 वर्षीय एक बालिका भी शामिल है। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-40 पर तेलकोई थाना क्षेत्र के जगमोहनपुर छाक में हुई।

# ट्रंप ने भारत पर फोड़ा टैरिफ बम, अब 25 फीसदी एक्सट्रा टैक्स, 27 से लागू

*27 अगस्त से भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर होगा लागू*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका ने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। इसके साथ ही पेनल्टी की घोषणा की गई थी। इसके पीछे की वजह ट्रंप ने रूस से तेल खरीदना बताया था। ट्रंप द्वारा साइन के गए आदेश के अनुसार, यह टैरिफ 21 दिनों के भीतर प्रभाव में आएगा, यानी 27 अगस्त 2025 से भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर लागू होगा। हालांकि, वे वस्तुएं जो इस तारीख से पहले रवाना हो चुकी होंगी और 17 सितंबर 2025 से पहले अमेरिका पहुंच जाएंगी, उन्हें इस शुल्क से छूट मिलेगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह टैरिफ अन्य सभी शुल्कों और टैक्स के अतिरिक होगा और कुछ खास मामलों में छूट भी दी जा सकती है।

ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया है कि यदि कोई और देश भी रूस से परोक्ष या सीधे तौर पर तेल आयात करता है, तो उस पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही, ▶▶|शेष पेज 7 पर

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत पर टैरिफ बम फोड़ने की घोषणा की। बुधवार शाम को ट्रंप की तरफ से भारत पर अतिरिक्त 25फीसदी टैरिफ लगाने का कार्यकारी आदेश साइन किया गया। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि यह फैसला भारत द्वारा रूसी तेल की लगातार खरीद के जवाब में लिया गया है। इसके साथ ही भारत पर अमेरिका ने कुल 50फीसदी टैरिफ की घोषणा कर दी है।*

**»** *ट्रंप ने एक एग्जिक्यूटिव ऑर्डर साइन किया है, जो भारत के अतिरिक्त टैरिफ को कानूनी मान्यता देता है*

**»** *यह आदेश भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध में रूसी समर्थन के आरोप पर आधारित है*

**रूस से अमेरिकी आयात पर जताई अनभिज्ञता**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें रूस से यूरेनियम, उर्वरक और रसायनों के अमेरिकी आयात के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ट्रंप ने इन सामान को अमेरिका द्वारा आयात किए जाने संबंधी भारत के बयान पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता है।



### क्या है ट्रंप के ऑर्डर में

जो एग्जिक्यूटिव ऑर्डर ट्रंप ने साइन किया है, उसके अनुसार 8 मार्च 2022 को रूस पर यूक्रेन पर हमला करने के चलते कुछ आयात और निवेशों पर प्रतिबंध लगाया गया था। आदेश में लिखा है, मैं पाता हूं कि भारत सरकार वर्तमान में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूसी संघ से तेल आयात कर रही है। इसके अनुसार और लागू कानून के तहत अमेरिका के टैरिफ क्षेत्र में आयातित भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की अतिरिक्त मूल्यानुसार शुल्क दर लागू होगी।

### पांच देश जो अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुके

**भारत:** मांसाहारी गाय का दूध लेने को तैयार नहीं

**चीन:** सरकारी कंपनियों पर सब्सिडी खत्म नहीं करेगा

**ब्राजील:** सबसे ज्यादा 50% टैरिफ लगा

**कनाडा:** फिलिस्तीन का समर्थन करना महंगा पड़ा

**दक्षिण अफ्रीका:** टैरिफ की वजह चीन, ईरान और रूस से दोस्ती

### भारत ने कहा अनुचित और अन्यायपूर्ण

भारत ने अमेरिका के कदम को बुधवार को "अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण" करार दिया। नई दिल्ली की यह तीखी प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के कुछ देर बाद आई, जिसके तहत पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत के रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने का हवाला देते हुए भारतीय वस्तुओं पर नया शुल्क लगाने की बात कही गई है। इससे मॉस्को के साथ नयी दिल्ली के ऊर्जा संबंधों को लेकर दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच तनाव बढ़ने के संकेत मिलते हैं।

दो दिन में पांच की गई जान

# कुबेरेश्वर धाम में रायपुर के दिलीप समेत तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के कुबेरेश्वर धाम में बुधवार को कावड़ यात्रा में शामिल होने आए तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों में दिलीप सिंह (57) निवासी रायपुर समेत दो श्रद्धालु हैं। बताया जा रहा है कि दिलीप की मौत हार्ट अटैक से हुई है। मृतकों की पहचान मृतकों में चतुर सिंह (50 वर्ष) पिता भूरा पांचवल, निवासी गुजरात और ईश्वर सिंह (65 वर्ष) पिता मवासीराम यादव, निवासी, रोहतक हरियाणा के रूप में हुई है। बता दें कि इस कावड़ यात्रा का आयोजन कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया है। यात्रा में शामिल होने के लिए देशभर से करीब पांच लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। मंगलवार की भी यात्रा में शामिल होने पहुंची दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जिनमें से एक गुजरात और दूसरी यूपी से आई थी। अब तक इस यात्रा में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

### तीन श्रद्धालु घायल

हरियाण निवासी सुनीता नाम की एक महिला कावड़ ले जाते समय भोपाल-इंदौर हाईवे पर गिरने से घायल हो गई। कुबेरेश्वर धाम में मथुरा से आई पूजा सैनी नाम की महिला भी गिरने से जख्मी हो गई। नागपुर की मनीषा भी अचानक धाम में पास बेहोश हो गई। इन्हें अस्पताल लाया गया है।

# नवा रायपुर में कामन फैसिलिटी सेंटर की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिली है। अब राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स टेस्टिंग या प्रोटोटाइपिंग के लिए बेंगलुरु, पुणे या नोएडा जैसे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नवा रायपुर में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदृष्टि और आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में तैयार इस परियोजना से ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बन रहा टेक्नोलॉजी हब



### टेक्नोलॉजी क्रांति की दिशा में उपलब्धि

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस परियोजना को टेक्नोलॉजी क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पहल राज्य को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से समृद्ध बनाएगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि उद्योगों को विश्वस्तरीय परीक्षण और प्रोटोटाइपिंग सुविधाएं भी सुलभ होंगी, जिससे छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक पावरहाउस बनकर उभरेगा।

### तकनीकी बुनियादी ढांचे होंगे मजबूत

आवास और पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर जैसी परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के तकनीकी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी। इससे स्थानीय स्टार्टअप्स, युवाओं और उद्यमियों को अत्याधुनिक संसाधन मिलेंगे, जो पहले बड़े शहरों तक ही सीमित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह पहल डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी बनाएगी।

### बाहरी और स्थानीय निवेश को मिलेगी गति

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पहले से ही कई आकर्षक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को राज्य की उद्योग नीति के तहत मिलने वाले प्रोत्साहनों से और भी बल मिलेगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बाहरी और स्थानीय निवेश को गति मिलेगी।

# बीजापुर के गंगालूर एरिया में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित इतावार के करीब हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक वर्दीधारी पुरुष नक्सली को मार गिराया है। मारे गए नक्सली के शव के अलावा हथियार भी बरामद किए गए हैं और दोनों ओर से रुक रुककर फायरिंग हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर जिले के पश्चिमी डिविजन ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ वर्दीधारी नक्सली का शव व हथियार बरामद



### बीजापुर में 24 लाख के ईनामी 6 समेत 9 नक्सलियों ने किया समर्पण

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले में नियद नेल्लानार योजना व शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 9 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। समर्पित नक्सलियों में 6 पर 24 लाख रुपए का इनाम घोषित था। समर्पित नक्सली पुलिस पार्टी पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

# पीएम मोदी पहले 31 को जापान फिर जाएंगे चीन

**नई दिल्ली।** सात वर्षों के अंतराल के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस महीने के अंत में चीन की यात्रा कर सकते हैं। वे पहले 31 अगस्त को जापान फिर चीन जा सकते हैं। योजना के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 29 अगस्त के आसपास जापान की यात्रा पर जाएंगे और यात्रा के समापन के बाद, वह 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन के उत्तरी शहर तियानजिन जाएंगे।



## बिहार के मतदाता सूची मुद्दे पर गतिरोध

# संसद में हंगामे के बीच बिना चर्चा पारित हुए दो विधेयक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पिछले कई दिनों की तरह बुधवार को भी संसद के दोनों सदनों में गतिरोध बरकरार रहा, वहीं सरकार ने नियमों का हवाला देते हुए दो टूक कहा कि अदालत में विचाराधीन मामलों पर सदन में चर्चा नहीं कराई जा सकती। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ▶▶|शेष पेज 7 पर




### दो बार स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही

संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा भी शुरू हो गया। लोकसभा में हंगामे के कारण प्रश्नकाल की कार्यवाही नहीं चल सकी। स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। सदन की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई, विपक्ष का हंगामा जारी रहा।

### राज्यसभा में आसन पर भड़के खड़गे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे आसन पर भड़क गए। खड़गे ने आसन पर पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि जब विपक्ष के सदस्य पॉइंट ऑफ ऑर्डर रेज करते हैं, तब आप कहते हैं कि हाउस इज नॉट इन ऑर्डर। यहां पर वे भाषण दे रहे हैं और आप अलाऊ कर रहे हैं। तब आसन पर उपसभापति पैनल के सदस्य भुवनेश्वर कालिता आसन पर थे।

# पीएम मोदी ने किया कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन

## गृह, विदेश जैसे सरकारी मंत्रालयों-विभागों को मिला नया ठिकाना



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में मंगलवार को कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर कर्तव्य भवन में शिफ्ट किया जाएगा जिससे दक्षता, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/विभाग और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय होंगे।*

### कर्तव्य भवन-3 में होंगे ये मंत्रालय

नए भवन में गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, **MSME**, डीओपीटी (कार्मिक मंत्रालय), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय होगा। कुछ मंत्रालय आज से ही इसमें शिफ्ट हो जाएंगे। ये मंत्रालय शास्त्री भवन, कृषि भवन, निर्माण भवन और उद्योग भवन से शिफ्ट होंगे। 1950-70 के दशक में बनीं इन पुराने भवनों की स्थिति जर्जर हो चुकी है। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत ऐसे 10 कर्तव्य भवन बनाए जाने हैं, इनमें से बने सबसे पहल भवन का उद्घाटन पीएम मोदी आज करने जा रहे हैं। पीएमओ ने बताया कि जिस कर्त्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया जा रहा है, वह सेंट्रल विस्टा के व्यापक परिवर्तन का एक हिस्सा है। यह कई आगामी कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरियट भवनों में से पहला है, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और चुस्त शासन को सक्षम बनाना है।




**म्यूजियम बनेंगे नॉर्थ-साउथ ब्लॉक :** नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में मौजूद सभी मंत्रालय कर्तव्य भवन में शिफ्ट हो जाएंगे। तो अब सवाल यह है कि नॉर्थ और साउथ ब्लॉक का क्या होगा? तो आपको बता दें कि दोनों ही ब्लॉक को खाली कराकर इन्हें म्यूजियम में तब्दील किया जाएगा। जिसका नाम ' युगे युगीन भारत ' म्यूजियम रखा जाएगा। इस दौरान ढांचे के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ किए बगैर इसमें महाभारत काल से लेकर देश के आज तक के इतिहास, कला व संस्कृति आदि को प्रदर्शित किया जाएगा।

### कर्तव्य भवन में क्या है खास?

- कर्तव्य भवन-3 दिल्ली के जनपथ पर बनाया गया है। 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली इस इमारत में बेसमेंट के 2 लेवल और ग्राउंड फ्लोर को मिलाकर 10 फ्लोर हैं
- इमारत में 600 गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इनमें 24 मुख्य कॉन्फ्रेंस रूम हैं, जबकि 26 छोटे कॉन्फ्रेंस रूम हैं
- भवन में सुरक्षित और आईटी-सक्षम कार्यस्थल, स्मार्ट एंट्री सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और कमांड सेंटर, सोलर पैनल, सौर वॉटर हीटर और ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं हैं
- यह पर्यावरण के अनुकूल निर्माण को भी बढ़ावा देता है, जिसमें अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग, ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं
- इमारत को ठंडा रखने और बाहरी ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए इसमें कांच की विशेष खिड़कियां लगाई गई हैं

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस सांसद की चेन छीनने वाला गिरफ्तार! 26 मामले दर्ज



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सबसे वीवीआईपी एरिया चाणक्यपुरी स्थित तमिलनाडु भवन के पास कांग्रेस सांसद आर. सुधा की 30 ग्राम वजनी सोने की चेन छीनने के आरोप में 24 वर्षीय एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। सुधा तमिलनाडु से कांग्रेस सांसद हैं। वह सोमवार को तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर निकली थीं, तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी सोने की चेन छीन ली थी।

### 'दुनिया को हिंदू जैसा विविधता अपनाने वाले धर्म की जरूरत'

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने



बुधवार को कहा कि दुनिया को उस धर्म की जरूरत है जो विविधताओं को अपनाए, जैसे कि हिंदू धर्म। उन्होंने कहा कि धर्म हमें अपनापन और विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है। भागवत ने कहा, 'हम विविध हैं, लेकिन अलग नहीं हैं। अंतिम सत्य यह है कि हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन वास्तव में हम एक ही हैं।' वे नागपुर में धर्म जागरण न्यास के नए कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

### भारतीय गेमिंग कंपनी को मिले 132 करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑनलाइन गेमिंग कंपनी सुपर गेमिंग ने 15 मिलियन अमेरिका डॉलर का फंड लेटेस्ट राउंड में हासिल किया हैं। इस रकम को भारतीय करेंसी में कंवर्ट करेंगे तो यह 132 करोड़ रुपये होते हैं। ये कंपनी मास्कगन और इंडस बैटल रॉयल जैसे भारतीय शूटिंग गेम्स बनाती है। लेटेस्ट राउंड में मिलने वाला ये फंड उनके चार साल पुराने वैल्यूएशन से करीब 5 गुना ज्यादा के वैल्यूएशन पर मिली है जो अब करीब 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

### अश्लीलता : अभिनेत्री श्वेता पर केस दर्ज

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री श्वेता मेनन इन दिनों खूब



सुर्खियों में हैं, हालांकि इसकी वजह उनकी कोई फिल्म या प्रोफेशनल प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक कानूनी विवाद है। दरअसल अभिनेत्री पर अश्लीलता फैलाने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिनके चलते उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ये मामला एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है, जिसमें अभिनेत्री पर कुछ फिल्मों और विज्ञापनों में अश्लील और नग्न अवस्था में सीन दिखाने के आरोप लगाए गए हैं।

## राहुल ने साधा निशाना- 'इंडिया, प्लीज अंडरस्टैंड, बंधे हुए हैं मोदीजी के हाथ

*ट्रंप के टैरिफ को लेकर नेता विपक्ष व कांग्रेस नेता घेर रहे लगातार*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर पीएम मोदी समेत केंद्र सरकार पर हमला किया है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि प्लीज भारत ये समझने की कोशिश करें कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं। इसका कारण अडानी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है। राहुल गांधी ने आगे लिखा कि एक धमकी मोदी, 'एए' और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करने की है। इस वजह से मोदी के हाथ बंधे हुए हैं। अमेरिका ने भारत पर और 25 फीसदी (50 फीसदी) टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसके बाद से विपक्षी दल लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की इकोनॉमी पर हमला बोलते हुए कहा था कि इंडिया की इकोनॉमी मर चुकी है। इसको लेकर विपक्षी दल के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी सुर-में-सुर मिलाते हुए ट्रंप के बयान को सही ठहराया था।

अमेरिका ने किया है भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान

इसके बाद से विपक्षी दल लगातार साध रहे हैं केंद्र सरकार पर निशाना



### मर चुकी है भारतीय अर्थव्यवस्था

राहुल गांधी ने कुछ दिन पहले एक्स पर लिखा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था मर चुकी है। पीएम मोदी ने इस खत्म कर दिया है। इसके लिए उन्होंने कुछ कारण गिनाए, जो इस प्रकार हैः अडानी-मोदी साझेदारी, नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी, असफल असेम्बल इन इंडिया, एमएसएमई का सफाया, किसान कुचले गए। मोदीजी ने भारत के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है क्योंकि नौकरियां नहीं हैं।

### काफी हमलावर हैं एलओपी

*बीते साल उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिका में निवेशकों के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगा था। इस मुद्दे को लेकर राहुल गांधी काफी हमलावर हो गए थे। उन्होंने मामले को लेकर तीखा हमला करते हुए अडानी की गिरफ्तारी की भी मांग की थी।*

### इधर लूला का ट्रंप को करारा जवाब आपसे नहीं मोदी से बात करूंगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एक बयान में हाल ही में कहा कि ब्राजील के राष्ट्रपति उन्हें टैरिफ पर बात करने के लिए फोन कर सकते हैं। हालांकि ब्राजीली राष्ट्रपति ने ट्रंप की ये पेशकश ठुकरा दी है। ब्राजीली राष्ट्रपति ने कहा कि उनका देश अपने हितों की रक्षा के लिए विश्व व्यापार संगठन सहित सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करेगा। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर बात करने के बजाय ब्रिक्स संगठन के सहयोगी देशों से बात करेंगे। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था।



#### सभी संभव उपायों का लूंगा सहारा

लूला ने ब्रासीलिया में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, '2025 में, हम अपने हितों की रक्षा के लिए विश्व व्यापार संगठन से बातचीत शुरू करने के साथ ही सभी संभव उपायों का सहारा लेंगे।' ब्राजील के नेता ने कहा कि 'वह टैरिफ पर चर्चा के लिए ट्रंप को फोन नहीं करेंगे, क्योंकि अमेरिकी नेता बात नहीं करना चाहते लेकिन मैं शी जिनपिंग को फोन करूंगा, मैं प्रधानमंत्री मोदी को फोन करूंगा। मैं कई राष्ट्रपतियों को फोन करूंगा।'

#### द्विपक्षीय संबंधों का सबसे खेदजनक समय

ट्रंप के एलान के बाद अमेरिका और ब्राजील के संबंधों में तनाव बढ़ गया है। ब्राजीली राष्ट्रपति लूला ने अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के दिन को दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के इतिहास का 'सबसे खेदजनक' समय बताया। लूला ने कहा कि उनकी सरकार ब्रिक्स भागीदारों सहित अन्य देशों के साथ विदेशी व्यापार को मजबूत करने के लिए पहले से ही कार्रवाई शुरू कर चुकी है।

## एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट से हटाए गए 65 लाख लोग कौन ?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को निर्वाचन आयोग से बिहार में मतदाता सूची मसौदा से बाहर किए गए लगभग 65 लाख मतदाताओं का विवरण नौ अगस्त यानी शनिवार तक प्रस्तुत करने को कहा है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने निर्वाचन आयोग के वकील से कहा कि वे हटाए गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण प्रस्तुत करें और इसकी एक प्रति गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) को भी दें। यह विवरण पहले ही राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जा चुका है।

### चुनाव आयोग को सुप्रीम आदेश- तीन दिन में जमा करें सबका ब्योरा




#### एनजीओ को नया आवेदन

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्देश देने वाले निर्वाचन आयोग के 24 जून के आदेश को चुनौती देने वाले एनजीओ ने एक नया आवेदन दायर कर निर्वाचन आयोग को लगभग 65 लाख हटाए गए मतदाताओं के नाम प्रकाशित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। याचिका में एडीआर ने कहा था कि जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनके विवरण में यह भी उल्लेख हो कि वे (मतदाता) मृत हैं, स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं या किसी अन्य कारण से उनके नाम पर विचार नहीं किया गया है।

#### प्रभावित हर मतदाता से संपर्क करेंगा सुप्रीम कोर्ट

पीठ ने निर्वाचन आयोग के वकील से कहा, 'हम प्रभावित होने वाले हर मतदाता से संपर्क करेंगे और आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे। आप (निर्वाचन आयोग) शनिवार तक जवाब दाखिल करें और मिस्टर भूषण को इसे देखने दें, फिर हम देखेंगे कि क्या खुलासा होता है और क्या नहीं।' भूषण ने आरोप लगाया कि गणना फॉर्म भरने वाले 75 प्रतिशत मतदाताओं ने 11 दस्तावेजों की सूची में उल्लिखित कोई भी सहायक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं दिए हैं और उनके नाम निर्वाचन आयोग के बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की सिफारिश पर शामिल किए गए थे। पीठ ने कहा कि वह 12 अगस्त को निर्वाचन आयोग के 24 जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू कर रही है और एनजीओ उस दिन ये दावे कर सकता है।

## नई पहल...अब ईमेल के जरिए मिलेगा यूपीएससी के भर्ती विज्ञापन का अलर्ट

### शैक्षिक और पेशेवर संस्थानों को होगा फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने अपनी भर्ती प्रक्रियाओं में जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से एक नया प्रोसेस शुरू किया है। आयोग की इस नई पहल के तहत शैक्षणिक संस्थान, विश्वविद्यालय और पेशेवर निकाय अब अपने क्षेत्र से संबंधित यूपीएससी भर्ती विज्ञापनों के बारे में जानकारी ईमेल के जरिए प्राप्त कर पाएंगे। आयोग ने इस संबंध में एक प्रेस रिलीज भी जारी की है। इस रिलीज में कहा गया है कि यूपीएससी समय-समय पर नियमित परीक्षाओं के साथ-साथ भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और केंद्र शासित प्रदेशों में ग्रुप 'ए' और ग्रुप 'बी' के



राजपत्रित पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करता है। इन भर्ती प्रक्रियाओं की जानकारी शैक्षिक और पेशेवर संस्थानों को कभी-कभी नहीं मिल पाती। ऐसे में आयोग की ओर से एक नई पहल शुरू की गई है जिसके तहत यूपीएससी के भर्ती विज्ञापन की जानकारी सीधे ईमेल के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

#### क्या होगा इससे फायदा?

आयोग की इस पहल से उम्मीदवारों को भी फायदा होगा। साथ ही शैक्षिक और पेशेवर संस्थानों को अब भर्ती के लिए बार-बार जाकर वेबसाइट चेक नहीं करना होगा। अगर आप किसी संस्थान से जुड़े हैं तो आपको जानकारी वहां से मिल जाएगी। यूपीएससी की सबसे पॉपुलर परीक्षा सिविल सर्विस, एनडीए, एनए, ईपीएफओ, जैसी परीक्षाएं हर साल होती है, जिसके लिए एक निश्चित समय के अंदर नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संस्थान अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्रों से संबंधित नौकरी के अवसरों के बारे में सूचित रहें।

## घरों में पानी...



प्रयागराज। उत्तर भारत में बारिश ने जमकर कहर बरपाया हुआ है। यूपी भी इसकी जद में है। प्रयागराज में बुधवार को गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में वृद्धि के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया है। प्रभावितों का रेस्क्यू किया जा रहा है। पानी इतना ज्यादा है कि नाव तक चलानी पड़ रही है।

## अनोखे फैसले की कोर्ट ने बताई खास वजह

# ट्रैफिक कांस्टेबल को थप्पड़, नौ साल बाद एक दिन की सजा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई से लगे ठाणे की सेशंस कोर्ट ने 52 साल के एक व्यक्ति को एक ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को थप्पड़ मारने के नौ साल पुराने मामले में एक दिन की सजा सुनाई है। कोर्ट ने रोड रेज से जुड़े इस मामले में आरोपी पाए गए व्यक्ति पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एडिशनल सेशंस कोर्ट के जज जीटी पवार ने कहा कि ट्रायल के दौरान आरोपी के आचरण, हेल्थ संबंधी समस्याओं, पारिवारिक जिम्मेदारियों और पुलिसकर्मी को लगी चोट का नेचर देखते हुए उससे नरमी बरतनी चाहिए। रिपोर्ट में बताया गया है कि 31 जुलाई के इस ऑर्डर की कॉपी बुधवार को उपलब्ध हो पाई।

### खास बातें

- जानबूझकर अपमान के तहत आरोप नहीं हुए साबित
- 2016 का है मामला



**गालियां, फिर मारा थप्पड़ :** पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने रमेश शिटकर को 18 नवंबर, 2016 को ठाणे शहर के कैडबरी सिग्नल पर ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल दिलीप पवार पर हमला करने के आरोप में **BNS** की धारा 353 (आपराधिक बल प्रयोग) और 332 (लोक सेवक को जानबूझकर चोट पहुंचाने) के तहत दोषी ठहराया। हालांकि, धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) के तहत आरोप साबित नहीं हुए। यह घटना उस समय घटी जब कांस्टेबल दिलीप पवार ने तेज गति में कार चला रहे रमेश शिटकर को बीच रोड पर रोक दिया। इसके बाद रमेश शिटकर ने ट्रैफिक कांस्टेबल को गालियां दीं और कई बार थप्पड़ मारा। इस घटना के संबंध में ठाणे के रबोडी पुलिस स्टेशन में **FIR** दर्ज करवाई गई थी। ट्रायल के दौरान कोर्ट ने प्रॉसिक्यूशन के सात गवाहों से पूछताछ की।

### झगड़े के बाद 'फंसाने' का आरोप

कोर्ट ने कहा कि प्रॉसिक्यूशन के गवाहों के एविडेंस से यह तथ्य साबित हो चुका है कि सूचना देने वाला (पुलिसकर्मी) अपनी ऑफिशियल ड्यूटी निभा रहा था और आरोपी ने उस पर हमला किया। जज जीटी पवार ने डिफेंस के इस दावे को खारिज कर दिया कि रमेश शिटकर को एक रिक्शा चालक के साथ झगड़े के बाद फंसाया गया। इस रिक्शा चालक ने लड़ाई को रोकने की कोशिश की थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि डिफेंस प्रॉसिक्यूशन के गवाहों के बयान पर अविश्वास करने लायक कोई भी सबूत पेश करने में नाकाम रहा। घटना वाली जगह से कार को नुकसान पहुंचाने का कोई सबूत सामने नहीं आया। हालांकि डिफेंस की दलीलों को स्वीकार करते हुए जज साहब ने कहा, 'ट्रायल के वक्त आरोपी के आचरण, उसकी बीमारी, जिम्मेदारियों और सूचना देने वाले को हुई चोट की प्रकृति को देखते हुए, मेरा मानना है कि उसके प्रति नरमी बरती जा सकती है।

### राष्ट्रपति से विधेयकों को मंजूरी देने की अपील

## रेवंत ने सांसदों के साथ दिल्ली में किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर एक बड़ा प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मकसद था तेलंगाना विधानसभा द्वारा पास किए गए पिछड़ा वर्ग (बीसी) आरक्षण बिलों को राष्ट्रपति की मंजूरी दिलवाना। रेवंत रेड्डी के साथ बड़ी संख्या में तेलंगाना कांग्रेस के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर इन बिलों को लटका रही है। इस दौरान तेलंगाना कांग्रेस के कई विधायक, सांसद और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और कांग्रेस की जय, तेलंगाना की जय के नारे भी लगाए। बता दें कि मार्च 2025 में तेलंगाना



विधानसभा ने दो अहम बिल पास किए थे, जिनमें पिछड़े वर्गों (बीसी) को शिक्षा, नौकरियों और स्थानीय निकायों में 42% आरक्षण देने का प्रावधान है। यह कदम पिछड़े वर्गों को ज्यादा प्रतिनिधित्व और अवसर देने के लिए उठाया गया था। बिल पास होने के बाद राज्यपाल के जरिए इन्हें राष्ट्रपति के पास भेजा गया, लेकिन अब तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है।

# ब्राइडल लुक में आईं नजर



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म परम सुंदरी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच उनका एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह ब्राइडल लुक में नजर आ रही हैं। जान्हवी कपूर को मसाबा गुप्ता ने दुल्हन के रूप में पेश किया है। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जान्हवी अलग-अलग ब्राइडल लुक में दिखीं। उन्होंने भूरा लहंगा, सिंदूरी लाल लहंगा, लाल बस्टियर के साथ लहंगा स्कर्ट, धोती स्कर्ट और ब्लाउज के साथ कई शानदार पोज दिए। इन लहंगों की हर डिजाइन में जरदोजी, सेक्विन, गोटा पट्टी कढ़ाई, लटकन और झालरों का खूबसूरत काम दिखाई दे रहा है। जान्हवी ने इन लुक्स को सोने के गहनों, आकर्षक मेकअप और फूलों से सजे हेयर स्टाइल के साथ पूरा किया। जान्हवी के इस लुक पर राजकुमार राव की पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा ने लाल दिल वाला इमोजी शेयर किया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों को जान्हवी का ब्राइडल लुक पसंद आया। एक फैन ने लिखा, 'मसाबा ब्राइडल में करीना की झलक दिखी, वो सबसे ऊपर थीं', एक और फैन ने लिखा, 'अद्भुत', एक और फैन ने लिखा, 'वह बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं', एक और फैन ने लिखा, 'जान्हवी ने श्रीदेवी जी की याद दिला दी उनकी आंखें शानदार हैं।' एक फैन ने लिखा, 'यह लुक सपनों जैसा है। तो वहीं कुछ फैन ने इस लुक को 'आइकॉनिक' बताया। जान्हवी कपूर कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। वह 'परम सुंदरी' में नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा ने किया है। इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन ने किया है। फिल्म में जान्हवी के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आएंगे। यह फिल्म 29 अगस्त, 2025 को रिलीज होगी।

# बेचैन कर देगी अंधेरा वेब सीरीज की कहानी



**मुंबई।** हॉरर कहानियों का अपना रोमांच होता है। डर से कांपना, खौफ में एक आंख बंद कर के भी पर्दे पर उस मंजर को देखना। यदि आप मनोरंजन की दुनिया में ऐसे ही थ्रिल से राबता रखते हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। एक नई सुपरनैचुरल हॉरर वेब सीरीज आ रही है। नाम है 'अंधेरा', जिसमें सुरवीन चावला, प्राजक्ता कोली, वत्सल सेठ और प्रिय बापट जैसे दमदार कलाकार रूह से चीख निकालने आ रहे हैं। यह सीरीज इसी महीने ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका पहला पोस्टर और रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। यह वेब सीरीज इसी महीने 14 अगस्त 2से स्ट्रीम होगी। वेब सीरीज के क्रिएटर गौरव देसाई कहते हैं, 'अंधेरा' बनाना मेरे लिए सबसे अच्छा और खुशी देने वाला अनुभव रहा है। मुझे हमेशा हॉरर और डरावनी कहानियों में दिलचस्पी रही है, तो आखिरकार इसमें कुछ बनाने का मौका मिलना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है। शुरुआत से ही हमारा मकसद सिर्फ डराने वाली नहीं, बल्कि ऐसी कहानी बनाने का था जो देखने के बाद भी आपके मन में बनी रहे, जो आपको अंदर तक थोड़ी बेचैनी महसूस कराए।

## मनचाहा किरदार मिलते ही 'शक्तिमान' पर बनेगी फिल्म



**नई दिल्ली।** 90 के दशक में दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाला सबसे चर्चित शो शक्तिमान प्रत्येक बच्चों की पहली पसंद था। अभिनेता मुकेश खन्ना ने शक्तिमान के किरदार को घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया था। पॉपुलर शो शक्तिमान पर इस समय फिल्म बनाने की बात चल रही है, जिसकी घोषणा कोरोना वायरल के आने से पहले हुई थी। लेकिन, ऐलान के बाद से ही मेकिंग को लेकर कोई अपडेट नहीं है। अब सुपरस्टार मुकेश खन्ना ने फिल्म को लेकर ऐसी बात कह दी है, जो फैंस को परेशान कर रही है। मुकेश खन्ना ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं सब झूठ है, शक्तिमान फिल्म नहीं आएगी। 'रुकावट के लिए खेद है, यह फिल्म अटकी हुई है और इसका कारण मैं खुद हूं, क्योंकि मुझे शक्तिमान चाहिए।'आगामी फिल्म शक्तिमान के लिए पेपरवर्क का काम हो गया है।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन संग नजर आईं सारा

## कैमरा देखते ही आया गुस्सा...



**मुंबई।** मनोरंजन की दुनिया में अक्सर ऐसे वीडियोज सामने आते हैं, जो नेटिजंस के मन में कई सवाल खड़े करते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान, अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ दिख रही हैं। इस वीडियो के आते ही अफवाहों का बाजार एक बार फिर से गरम होता दिख रहा है और यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आइए देखें वीडियो। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सारा अली खान अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन प्रताप बाजवा संग किसी दुकान के बाहर नाश्ता करती दिख रही हैं। दोनों को काफी सिंपल लुक में देखा गया, जिसमें एक्ट्रेस ने ब्लैक टॉप संग प्लाजो पहन रखा था, वहीं अर्जुन को ब्लैक चश्मा-टीशर्ट और टोपी लगाए देखा जा सकता है। हालांकि, जब एक्ट्रेस को पता चला कि कोई उनका वीडियो बना रहा है, तो वह गुस्सा हो जाती हैं। इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा, आदित्य रॉय का क्या होगा। दूसरे यूजर ने कहा, पापा का नाम रोशन कर रही। एक और यूजर ने लिखा, इनकी शादी करवा दो। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा कि भाई चाय पीने दो।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में लिपिक संवर्ग में कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) की भर्ती

भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

रिक्तियों की संख्या :
नियमित: 5180 + बैकलॉग: 403

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, आदि), आवश्यक शुल्क, ऑनलाइन आवेदन करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current_openings पर विज्ञापन क्र. CRPD/CR/2025-26/06 के अंतर्गत लिंक उपलब्ध हैं. प्रत्याशियों को परामर्श दिया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखें और आवेदन करने एवं शुल्क भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों को सुनिश्चित कर लें.

- ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क के भुगतान की तिथि: 06.08.2025 से 26.08.2025 तक.

अधिक जानकारी के लिए "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो ऊपर उल्लिखित बैंक की आधिकारिक वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current_openings पर उपलब्ध है.
स्थान: मुंबई
दिनांक: 06.08.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

आज भव्य शुभारंभ
राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी, नवाखाई, तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी के अवसर पर
छत्तीसगढ़ के कुशल बुनकरों, हस्तशिल्पियों, माटी शिल्पियों, रेशम तथा ग्रामोद्योग के हितग्राहियों द्वारा निर्मित उत्पादों की
ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025
(दिनांक 07 से 31 अगस्त 2025 तक)
का शुभारंभ
माननीय श्री पुरंदर मिश्रा, विधायक, उत्तर रायपुर
माननीया श्रीमती मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम, रायपुर
माननीय श्री संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष, छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि.
माननीय श्री राकेश पाण्डेय, अध्यक्ष, छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड
माननीया श्रीमती शालिनी राजपूत, अध्यक्ष, छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड
माननीय श्री शम्भुनाथ चक्रवर्ती, अध्यक्ष, छ.ग. माटीकला बोर्ड
माननीय श्री राकेश गुप्ता, पार्षद, शंकर नगर रायपुर
की उपस्थिति में संपन्न होगा
आप सादर आमंत्रित है...
दिनांक 07 अगस्त 2025 । समय :- सायं 5.00 बजे
स्थान :- बी.टी.आई. ग्राउण्ड, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
आयोजक
- ग्रामोद्योग संचालनालय रेशम/हाथकरघा प्रभाग
- छ.ग. राज्य हाथकरघा सहकारी संघ
- छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड
- छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड
- छ.ग. माटीकला बोर्ड
विनीत
ग्रामोद्योग विभाग
छत्तीसगढ़ शासन

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

Government Of India
"सरकार का निरंतर प्रयास है कि बुनकरों का काम आसान हो, उनकी उत्पादकता बढ़े और गुणवत्ता व डिज़ाइन में सुधार हो।"
- श्री नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री



समृद्ध बुनाई, संरक्षित परंपराएं
परंपरा से परिवर्तन तक
हथकरघा सशक्तिकरण के 11 वर्ष
43 लाख से ज़्यादा बुनकरों और संबद्ध कामगारों को 2,600 से ज़्यादा प्रदर्शनियों के माध्यम से सीधे बाज़ार से जोड़ा गया, जिससे ₹1,700 करोड़ से ज़्यादा की बिक्री हुई।
20 से अधिक देशों को ₹21,000 करोड़ से ज़्यादा मूल्य के हथकरघा उत्पादों का निर्यात, जिससे भारतीय हथकरघा को सम्मान के साथ वैश्विक पहचान भी मिली।
10 हथकरघा क्लस्टरों के 1.6 लाख बुनकरों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और उपकरणों से सशक्त बनाया गया।
उन्नत करघों द्वारा 1.2 लाख बुनकरों को लाभ मिला, जिससे बेहतर आउटपुट और गुणवत्ता संभव हुई।
90,000 बुनकरों को विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से कुशल बनाया गया, जिससे उनकी कारीगरी बेहतर हुई तथा आय में वृद्धि हुई।
104 हथकरघा उत्पाद और 6 उत्पाद लोगो जीआई अधिनियम,1999 के तहत सुरक्षित किए गए, जिससे उनकी विशिष्ट पहचान और विरासत संरक्षित हुई।



राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएँ
7 अगस्त 2025
#vocalforlocal
#MyHandloomMyPride
CBC 41102/13/0003/2526

31 YEARS OF TRUST
GOPAL NAMKEEN
अविश्वसनीय दाम, अद्वितीय क्वॉलिटी.
250g at ₹50 only
500g at ₹89 onwards*
अत्याधुनिक प्लांट में निर्मित



- सभी प्रमुख दुकानों पर उपलब्ध -
ALSO AVAILABLE AT
Flipkart Grocery
amazon
E-MAIL: INFO@GOPALSNACKS.COM
www.gopalnamkeen
डिस्ट्रिब्युटर इंक्वायरी : 9099 084 822
प्रोडक्ट इंक्वायरी : 8511 212 345

## चिंतन

# संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों की रक्षा करे सरकार

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कुदरत का कहर जान-माल पर भारी पड़ रहा है। यह पहली बार नहीं है। वर्ष 2013 में केदारनाथ में आए जल प्रलय से न लोगों ने, न स्थानीय वासियों ने और न ही सरकारों ने कोई सबक लिया है। केदारनाथ में आई जल प्रलय 2004 की सुनामी के बाद भारत की सबसे भीषण त्रासदी थी। उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र में कभी ग्लेशियर फटता है, कभी बादल फटता है, कभी भारी वर्षा होती है, जिसके चलते प्रलयकारी बाढ़, भूस्खलन आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। वर्ष 2019, 2021, 2022 में बड़ी आपदाएं आ चुकी हैं। पर्वतीय इलाकों में आपदाएं अब अधिक तेज और बार-बार हो रही हैं। हमें सोचने की जरूरत है कि हर स्तर पर प्रकृति से खिलवाड़ क्यों जारी है? केदारनाथ, उत्तरकाशी क्षेत्र उत्तराखंड के संवदेनशील हिमालयी क्षेत्र हैं, जो भौगोलिक दृष्टिकोण से बेहद नाजुक और आपदा वाले क्षेत्र माने जाते हैं। मौसम व पर्यावरण विज्ञानियों के मुताबिक, उत्तरकाशी के धराली और आसपास के क्षेत्र 2012 और 2019 में भी प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आए थे। आधुनिक समय में बिना उचित भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के, इन जगहों पर अतिक्रमण हुआ है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि जियोलोजिकल और जियोस्पैशियल तकनीक के माध्यम से ऐसे संवेदनशील स्थानों का सर्वेक्षण करके इन्हें 'लाल निशान' के रूप में चिन्हित करना होगा। पर्यावरणविद् कह रहे हैं कि हिमालयी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। केदारनाथ आपदा के बाद 200 मीटर नदी किनारे निर्माण रोकने का नियम बना, लेकिन उसका भी उल्लंघन किया जाता रहा है। पर्यटन से जुड़ा आर्थिक लालच, वैकल्पिक पुनर्वास की कमी और स्थानीय मजबूरियां लोगों को बार-बार खतरे वाले इलाकों में लौटने पर मजबूर करती हैं। 'जर्नल ऑफ जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया' में पिछले महीने प्रकाशित 1970 से 2021 तक के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित एक अध्ययन उत्तराखंड में 2010 के बाद अत्यधिक वर्षा और सतह पर जल प्रवाह की घटनाओं में भारी वृद्धि की पुष्टि करता है। खड़ी ढलानें, कटाव के लिहाज से बेहद संवेदनशील नाजुक संरचनाएं और 'मेन सेंट्रल थ्रस्ट' जैसे 'टेक्टोनिक फॉल्ट' इलाके को अस्थिर बनाते हैं। नवंबर 2023 में 'नेचुरल हजार्ड्स जर्नल' में प्रकाशित एक अध्ययन में उत्तराखंड में 2020 से 2023 के बीच आई आपदाओं से जुड़े डेटा का विश्लेषण किया गया, जिससे राज्य में मानसून के महीनों के दौरान 183 घटनाएं घटने की बात सामने आई। इनमें से 34.4 फीसदी घटनाएं भूस्खलन, 26.5 फीसदी आकस्मिक बाढ़ और 14 फीसदी बादल फटने की थीं। मौसमी आपदाओं पर विज्ञान और पर्यावरण केंद्र के एटलस से पता चलता है कि जनवरी 2022 से मार्च 2025 के बीच 13 हिमालयी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में 822 दिन चरम मौसमी घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 2,863 लोगों की मौत हुई। प्राकृतिक कारक मानवीय गतिविधियों के कारण और तीव्र हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन से क्षेत्र के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे उफनाती हिमनदी झीलों के रूप में नये खतरे पैदा हो रहे हैं। उत्तराखंड में 1,260 से अधिक हिमनद झीलें हैं, जिनमें से 13 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने उच्च जोखिम वाली हिमनद झील और पांच को बेहद खतरनाक हिमनद झील के रूप में वर्गीकृत किया है। आज जब उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश आपदा से जूझ रहे हैं, तो सवाल यह उठता है कि क्या वैज्ञानिकों की ओर से दी गई चेतावनियों और सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा?

## लापरवाही

डॉ. घनश्याम बादल



# धराली में प्राकृतिक आपदा से तबाही का जिम्मेदार कौन

अपने नैसर्गिक एवं नयनाभिराम प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध उत्तरकाशी गंगोत्री मार्ग पर पर्यटकों का बेहद पसंदीदा हॉल्ट कैंप धराली आज सन्नाटे से घिरा है। वहां पर बसे हुए सत्तर-अस्सी परिवारों में से अधिकांश के घर, दुकानें व होम स्टे तबाह हो गए हैं एवं वहां का बाजार भी खत्म हो गया है । वहां स्थित शिव मंदिर को भी भारी क्षति पहुंचने का अनुमान है। अस्सी गंगा एवं भागीरथी नदियों के तटीय क्षेत्र में बसा हर्षिल घाटी का यह सुंदर गांव पांच अगस्त की दोपहर 1:45 पर अचानक ही भारी चीखों एवं चीत्कारों से गूंज उठा, जब अस्सी गंगा एवं सुक्खी टॉप से भारी मात्रा में मलबा एवं चट्टानें अचानक नीचे की तरफ लुढ़कने लगीं। पहाड़ों पर अक्सर होने वाले क्लाउडबर्स्ट यानी बादल फटने की घटनाओं के बाद इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं लेकिन इतना भयावह दृश्य शायद उत्तरकाशी में 2019 में आए भूकंप के बाद पहली बार देखने को मिला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार केवल 34 सेकंड में ही सब कुछ तबाह हो गया। हर्षिल घाटी में सेना के शिविर के जवान भी अपनी रक्षा इस प्राकृतिक तबाही से नहीं कर पाए और मिली रिपोर्ट के अनुसार 11 जवान अभी तक लापता हैं। सैकड़ो लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। यद्यपि वहां पर स्थित सैन्यकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने हिम्मत करके 130 लोगों को मलबे से बाहर भी निकाल लिया है। एनडीआरफ और एसडीआरएफ तथा तिब्बत पुलिस एवं सेना के जवान लगातार वहां पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन 24 घंटे बाद तक भी सहायता के लिए तैनात एवं भेजी गई टीमें घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही हैं क्योंकि धराली, हर्षिल एवं भटवाड़ी जैसी जगहों को जोड़ने वाली अधिकांश सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं तथा नदी में भारी मात्रा में गाद एवं कीचड़ समा गया है। मौसम की खराबी के चलते हेलीकॉप्टर से भी पर्याप्त सहायता नहीं पहुंचाई जा पा रही है। उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला पहले से ही अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल रहा है। यहां न केवल 2019 में प्रचंड भूकंप आया था बल्कि बहुत पहले से ही बादल फटने एवं भूस्खलन की घटनाएं होती रही हैं। यहां का इतिहास बताता है कि सन् 1750 में भी यहां पर भागीरथी नदी एवं उसके आसपास के क्षेत्र में बहुत बड़ा बादल विस्फोट हुआ था और तब भी सैकड़ो जानें चली गईं थीं। बीच-बीच में बादल फटने एवं भूस्खलन तथा भारी वर्षा या बर्फबारी की वजह से पारिस्थितिकी का क्षतिग्रस्त होना जारी रहा लेकिन 1978 में यहां पर एक बार फिर से बादल फटने से भारी तबाही मची। कह सकते हैं कि नदियों के इस प्रवाह क्षेत्र पर मनुष्यों ने कब्जा कर लिया और शायद इसी गुस्से में प्रकृति ने अपना इलाका फिर से खाली करा लिया है। यह अजीब संयोग है कि 1978 में भी 5 अगस्त को ही यहां पर ऐसी तबाही मची थी। उसके बाद 2023 एवं 2024 में भी यहां बादल फटने एवं अतिवृष्टि का तांडव देखने को मिला लेकिन न सरकार चेती, न ही वहां बसने वाले लोगों अथवा प्रशासन ने सुरक्षा के अच्छे प्रबंध किए। इसका नतीजा आज सैकड़ों लोगों को अपना जीवन गंवाकर भुगतना पड़ा है। विकास की अंधी दौड़ के सबसे ज्यादा शिकार पहाड़ी क्षेत्र ही हुए हैं। वहां तक सुविधाएं एवं सड़क पहुंचाने के लिए बिना किसी खास भू सर्वेक्षण या विशेषज्ञों की राय लिए पहाड़ों का काटना लंबे समय से चल रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इन क्षेत्रों को सुगम बनाने के लिए भी तथा अपनी स्वार्थ पूर्ति या दूसरी वजहों से भी लगातार वनों का कटान जारी रहा है जिसके चलते हुए देवदार या चीड़ अथवा साल के वृक्ष जिनकी जड़ें गहराई तक जाकर मिट्टी को जकड़ लेती थी खत्म होते गए और पहाड़ अंदर से दरदरा और भुरभुरा होता चला गया। इससे भी ज्यादा ख़राब बात यह हुई कि वहां पर लोगों को रोज़गार दिलाने के अवैज्ञानिक तरीके अपनाए गए और पहाड़ों पर बहुमंजिली इमारतों के रूप में सीमेंट एवं लोहे के सरियों का वज़न और बढ़ा दिया गया। रही-सही कमी पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या के चलते हुए प्लास्टिक एवं दूसरे पर्यावरण प्रदूषण ने पूरी कर दी। नतीज़ा एक बार फिर भारी तबाही एवं जान-माल की क्षति के रूप में सामने आया है। बचाव राहत एवं सुरक्षा के उचित कदम समय से नहीं उठाए जाते हैं जिसकी वज़ह से वहां के निवासियों को भीषण प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ता है। सवाल केवल धराली, भटवाड़ी या हिमाचल के मंडी, धर्मशाला अथवा दूसरे इलाकों में हुए जान-माल के नुकसान मात्र का नहीं है। असली मुद्दा तो यह है कि यह अवैज्ञानिक तरीके का विकास और सरकारों की लापरवाही या अनदेखी अथवा मानकों के उल्लंघन की प्रवृत्ति कब तक लोगों की जान लेती रहेगी?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**पुण्यतिथि विशेष**

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

# टैगोर : वो दीप जो उजाला बन गया


> रवींद्रनाथ टैगोर न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

रवींद्रनाथ टैगोर का नाम एक ऐसी दीपशिखा है, जो भारत के सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक क्षितिज पर युग-युगांतर तक देदीप्यमान रहेगी। वे न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। उनकी पुण्यतिथि, 7 अगस्त 1941, केवल एक तिथि नहीं, वरन एक पावन स्मृति है, उनके विचारों को पुनर्जागृत करने, उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने और उनके स्वप्नों को मूर्त रूप देने का। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे।

कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी में 1861 में जन्मे रवींद्रनाथ एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े, जहां कला, साहित्य और दर्शन की सुगंध हर सांस में बसी थी। उनके पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ब्रह्म समाज के प्रखर विचारक थे, और परिवार का वातावरण विचारों की स्वतंत्रता से सराबोर था। छोटी आयु में ही रवींद्रनाथ ने कविता की रचना शुरू कर दी थी। पारंपरिक स्कूली शिक्षा उन्हें बांध नहीं सकी; उन्होंने विश्व साहित्य, संगीत और प्रकृति के अध्ययन में स्वयं को डुबो दिया। यह स्वतंत्रता उनकी रचनात्मकता का आधार बनी, जिसने उन्हें एक कवि से कहीं अधिक एक दार्शनिक, चित्रकार, शिक्षाविद् और समाज सुधारक बनाया। टैगोर की साहित्यिक यात्रा का सर्वोच्च शिखर था गीतांजलि, वह काव्य संग्रह जिसने उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिलाया। यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था, बल्कि यह भारत की बौद्धिक शक्ति का वैश्विक मंच पर उद्घोष था। वे पहले एशियाई थे, जिन्हें यह पुरस्कार मिला, जिसने उपनिवेशवादी मानसिकता को गहरी चुनौती दी। गीतांजलि की कविताएं मानव और ईश्वर के बीच एक आध्यात्मिक संनाद हैं। इनमें भक्ति की गहराई, प्रेम की कोमलता और जीवन की नश्वरता का ऐसा चित्रण है जो हृदय को गहरे तक उद्वेलित करता है।

टैगोर ने केवल कविता ही नहीं, बल्कि गोरा, घरे बाइरे, चोखेर बाली जैसे उपन्यासों, काबुलीवाला और डाकघर जैसे नाटकों, और असंख्य कहानियों व निबंधों के माध्यम से भारतीय समाज की जटिलताओं, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक कुरीतियों को उजागर किया। रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक साहित्यकार नहीं, अपितु एक दूरदर्शी समाज सुधारक थे, जिनकी शिक्षा के प्रति दृष्टि आज भी प्रासंगिकता की प्रखर ज्योति है। 1901 में, उन्होंने शांतिनिकेतन में एक प्रयोगात्मक विद्यालय की नींव रखी, जो कालांतर में विश्वभारती विश्वविद्यालय के रूप में अमर हुआ। यहाँ उन्होंने भारतीय गुरुकुल पद्धति और आधुनिक पश्चिमी शिक्षा का अलौकिक समन्वय रचा।

उनका विश्वास था कि शिक्षा का लक्ष्य केवल उपाधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। प्रकृति की गोद में, संगीत, कला और नाट्य के माध्यम से उनकी शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों में सृजनशीलता, संवेदनशीलता और नैतिकता का बीज बोती थी। विश्वभारती आज भी उनकी इस दृष्टि का सजीव प्रतीक है, जो शिक्षा को आत्मा की जागृति का पावन साधन मानता है। उनका राष्ट्रवाद भी



उनकी विचारधारा की भाँति अनन्य था। टैगोर अंधराष्ट्रवाद के प्रखर विरोधी थे, उनका विश्वास था कि सच्चा राष्ट्रप्रेम मानवतावाद की उदात्त प्रेरणा से उपजता है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का समर्थन किया, किंतु हिंसा का सदा विरोध किया। 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार के पश्चात, उन्होंने 'नाइटहुड' की उपाधि अस्वीकार कर उपनिवेशवाद के विरुद्ध साहसी सांस्कृतिक विद्रोह का परचम लहराया। उनकी रचना "एकला चलो रे" स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का मंत्र बनी, जो साहस और आत्मनिर्भरता का अमर संदेश देती है। टैगोर का दर्शन था कि सच्ची स्वतंत्रता केवल बाह्य बंधनों से मुक्ति नहीं, अपितु अंतर्मन की जागरूकता और नैतिक साहस से प्राप्त होती है। टैगोर की संगीतमय प्रतिभा उनकी सृजनशीलता का एक अनुपम रत्न थी, जो सौंदर्य और भाव की अनंत गहराइयों में समाया है। उन्होंने लगभग 2,230 गीतों की रचना की, जिन्हें रवींद्र संगीत के रूप में अमरत्व प्राप्त है। इन गीतों में प्रकृति का अलौकिक सौंदर्य, प्रेम की नाजुक संवेदनाएं, भक्ति की गहन तन्मयता और देशप्रेम की प्रचंड ज्वाला समाहित है। भारत का राष्ट्रगान ₹जन गण मन₹ और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला' उनकी कालजयी रचनाएं हैं, जो उनके वैश्विक प्रभाव की सशक्त गवाही देती हैं। श्रीलंका का राष्ट्रगान भी उनकी प्रेरणा से ओतप्रोत है। उनके गीत, जैसे 'पूरबोई गगने डोले', प्रकृति और मानव हृदय के बीच एक गहन संनाद रचते हैं। इनकी लय और शब्द आज भी असंख्य हृदयों को आल्हादित और प्रेरित करते हैं। उनकी चित्रकला उनकी बहुआयामी प्रतिभा का एक और अनमोल आयाम थी। जीवन के उत्तरार्ध में, उन्होंने लगभग 3,000 चित्रों का सृजन किया, जिनमें भारतीय लोककला, आदिवासी रेखांकन और प्रतीकात्मकता का अद्भुत समन्वय झलकता है। उनकी कला केवल सौंदर्य का आलंकारिक प्रदर्शन नहीं, अपितु उनके दर्शन और भावनाओं का दृश्यात्मक साकार रूप थी। प्रत्येक रंग और रेखा मानो उनकी कविता का ही सजीव विस्तार हो। उनकी चित्रकारी में मानव मन की जटिलताएं और प्रकृति का रहस्यमयी आकर्षण जीवंत हो उठता है, जो दर्शक को एक गहन चिंतन और सौंदर्यबोध की यात्रा पर ले जाता है। जब 7 अगस्त 1941 को रवींद्रनाथ टैगोर ने इस नश्वर संसार को अलविदा कहा, तो एक युग का सूर्यास्त हुआ, किंतु उनकी रचनाएं, उनके दर्शन और उनकी शिक्षाएं आज भी सूर्य की भांति प्रखर और जीवंत हैं। उनकी पुण्यतिथि हमें उनके असाधारण जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने का पावन अवसर प्रदान करती है। वे हमें सिखाते हैं कि साहित्य केवल शब्दों का आलंकारिक संयोजन नहीं, अपितु आत्मा को प्रज्ज्वलित करने का अलौकिक साधन है। उनकी शिक्षा पद्धति हमें स्मरण कराती है कि सच्चा ज्ञान वही है, जो मानव को संवेदनशील और जागरूक बनाए। उनकी देशभक्ति हमें यह बोध कराती है कि प्रेम, नैतिकता और मानवता ही सच्चे राष्ट्रवाद की अटल नींव हैं।

आज, जब हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी सांस्कृतिक जड़ों से विलग हो रहे हैं, टैगोर की शिक्षाएं एक दीपस्तंभ की भांति मार्गदर्शन करती हैं। वे हमें प्रकृति से जुड़ने, आत्मनिरीक्षण करने और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने की प्रेरणा देते हैं। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है, उनके विचारों को जीवन में उतारने और उनके स्वप्नों को साकार करने का। जैसा कि टैगोर ने स्वयं कहा, "मृत्यु का अर्थ दीपक बुझाना नहीं, बल्कि इसलिए बुझाना है क्योंकि प्रभात का नवीन प्रकाश उदित हो चुका है।" उनका यह प्रकाश आज भी हमारे मध्य देदीप्यमान है, जो हमें सत्य, सौंदर्य और प्रेम के पथ पर अनंत यात्रा के लिए प्रेरित करता है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए




संकलित

**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं। वास्तव में हमारे अस्तित्व से संबंधित समस्त गतिविधियां सत्य पर केंद्रित होनी चाहिए।

# मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित

**प्रेरणा**

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तुझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिरोशिमा परमाणु बम के सबक

6 अगस्त 1945 का वो काला दिन जब अमेरिकी वायुसेना ने हिरोशिमा, जोकि जापान में है, पर परमाणु बम जिसे लिटिल बॉय कहा जाता है, गिराकर हजारों लोगों को मौत के नींद सुला दिया था। उसके जख्मों को अभी भी दुनिया नहीं भुला पाई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रुमन उस समय हुए युद्ध के दौरान जापान की युद्ध क्षमता को चौपट करना चाहते थे, इसलिए भी अमेरिका ने परमाणु बम से हिरोशिमा और नागासाकी पर हमले किए थे। इस हमले की कोई भी वजह रही हो, लेकिन ऐसे युद्धों और हमलों को बढ़ावा देना बहुत ही गलत है। यह प्राणी जाति के विनाश के बीज हैं। युद्ध हमेशा हानिकारक ही सिद्ध हुए हैं। मुट्ठीभर सत्ताधारियों की ईगो ने जब भी कोई युद्ध छेड़ा है तो इसमें बेकसूर और निहत्थे लोग ही मारे गए हैं।

*– संजीव भट्ट, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### भावपूर्ण श्रद्धांजलि



सौम्यता व सादगी की प्रतिमूर्ति, ओजस्वी वक्ता, पूर्व विदेश मंत्री, 'पद्म विभूषण' सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। राष्ट्र प्रथम के ध्येय और जनसेवा के संकल्प के साथ सुषमा जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया।

-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### मजबूत सार्वजनिक सुरक्षा



ईआरएसएस-112 प्रणाली के अंतर्गत नए पीसीआर वाहन अब मंड्रेम, मोपा, वालपोई, कुनकोलिम और कैनाकोना में परिचालन में हैं, जिससे तीव्र प्रतिक्रिया और मजबूत सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### बचाव कार्य में सहयोग



उत्तरकाशी के धराली में हुई इस भयावह त्रासदी से प्रभावित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं उत्तराखंड में 'आप' के साथियों से अपील करता हूं कि राहत और बचाव कार्य में प्रशासन का पूरा सहयोग करें, ज़रूरतमंदों की हर संभव मदद करें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### वित्तीय संबंध उजागर



बार-बार की धमकियों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति ट्रंप के सामने खड़े नहीं हो पाने का कारण अदाणी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है। एक धमकी मोदी, एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करने की है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# रूस इंटरनेट सेंसर लगा लोगों को दुनिया से अलग कर रहा


रूस में यूट्यूब वीडियो का डाउनलोड नहीं होना, किसी लोकप्रिय स्वतंत्र मीडिया वेबसाइट पर जाने पर सिर्फ खाली पेज दिखाई देना, मोबाइल फोन का इंटरनेट घंटों या दिनों तक बंद रहना अब सामान्य बात हो गई है। ये सब किन्हीं तकनीकी कारणों से नहीं हो रहा है बल्कि सरकार की लोगों को स्वतंत्र जानकारी तक पंहुचने से रोकने की कार्रवाई का नतीजा है। अधिकार समूहों और विशेषज्ञों ने यह आरोप लगाया है। अधिकार समूहों के मुताबिक रूस में ऑनलाइन जानकारी एकत्र करना निराशाजनक, जटिल और यहां तक कि खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि सुचारु इंटरनेट तक पहुंच और कई साइट के बाधित होने की वजह इन मंचों को क्रेमलिन के पूर्ण नियंत्रण में लाने के लिए अधिकारियों द्वारा जानबूझकर किया गया बहुआयामी और दीर्घकालिक प्रयास है। अधिकार समूहों के मुताबिक अधिकारियों ने प्रतिबंधात्मक कानून बनाए और उन वेबसाइट और मंच पर प्रतिबंध लगा दिया जो उनके निर्देशों का पालन नहीं करते। 'ऑनलाइन ट्रैफिक' की निगरानी और उसमें हेरफेर करने के लिए तकनीक को और भी बेहतर बनाया गया है। हालांकि 'वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क' (वीपीएन) ऐप्स का उपयोग करके प्रतिबंधों को दरकिनार करना अब भी संभव है।




## ऑफ बीट

# किशोरावस्था में सुने संगीत से भावुक क्यों हो जाते हैं

आपकी स्मृति की अतल गहराइयों में, आपके मस्तिष्क ने आपकी किशोरावस्था के संगीत की एक 'प्लेलिस्ट' बना रखी है। जिंदगी भले ही आगे बढ़ गई हो लेकिन इस बात की प्रबल संभावना है कि उस संगीत को सुनकर दिल और दिमाग के तार झनझना उठेंगे। खैर, मस्तिष्क और भावनाओं से जुड़ी किसी भी चीज की तरह, इसके बारे में पक्के तौर पर कह पाना मुश्किल है लेकिन इसका कुछ संबंध विकास से और कुछ हद तक किशोरावस्था के वर्षों में होने वाले प्रमुख तंत्रिका संबंधी बदलावों से हो सकता है। बदलते हार्मोन मस्तिष्क के भावनात्मक केंद्र कहे जाने वाले 'लिम्बिक' सिस्टम' को अत्यधिक सक्रिय कर देते हैं। इससे किशोर भावनात्मक रूप से संवेदनशील हो जाते हैं और उनमें तीव्र मनोदशा परिवर्तन देखे जा सकते हैं। साथ ही, हम अपने माता-पिता पर कम निर्भर होने लगते हैं। यह बढ़ता स्वावलंबन अपने साथियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने की जरूरत को बढ़ा देता है। हमें बहुत जल्दी दूसरों के जज्बातों को समझना सीखना होगा और सुरक्षित या असुरक्षित चीजों की गहरी यादें विकसित करनी होंगी। एक प्रागैतिहासिक किशोर की दुनिया की कल्पना कीजिए। अब वह बच्चा संपूर्ण रूप से माता-पिता पर आश्रित नहीं है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



बढ़ता बहनों का विश्वास
बढ़ती घर-घर
खुशियां
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को
रक्षाबंधन का उपहार
₹1859 करोड़ की राशि का अंतरण
आज आयेंगे हर बहन के खाते में
₹250 रक्षाबंधन शगुन और
प्रतिमाह के ₹1250 सहित कुल ₹1500
28 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग
के लिये ₹43.90 करोड़ की सहायता
7 अगस्त 2025 | अपराह्न 2:30 बजे
मंडी प्रांगण, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11075/25



बारिश का मौसम चल रहा है तो इसका यह मतलब नहीं कि आप अपना वर्कआउट शेड्यूल रोक दें। इस दौरान आप कुछ मजेदार टाइप के वाटर वर्कआउट भी कर सकते हैं, अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकते हैं।

## रेनी सीजन में करें ये मजेदार वाटर वर्कआउट्स



फिटनेस

शिखर चंद जैन

अकसर लोग बारिश का मौसम आते ही खुद को घर में समेट लेते हैं। मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग, खेलकूद सब बंद कर देते हैं। जबकि फिटनेस रिजाइम बारहों महीने जारी रखना जरूरी है। आइए जानते हैं, कुछ वाटर वर्कआउट्स के बारे में, जिनसे आप फिट तो रहेंगे ही खूब मजा भी आएगा।

**पैडल बोर्ड योगा:** किसी शांत झील में ठंडी हवाओं का आनंद लेते हुए पैडल बोर्ड पर अपने शरीर का संतुलन बनाना पैडल बोर्ड योगा कहलाता है। यह इन दिनों यूथ्स की पसंदीदा योगा स्टाइल है। पैडल बोर्ड पर तरह-तरह के आसन, ट्री-पोज या वारियर पोज बनाना युवाओं को खूब पसंद आता है।

**एक्वाटिक बूट कैंप:** इसके तहत एक घंटे में 10-12 हाइ इंटेंसिटी रुटीन के दो या तीन वर्कआउट परफॉर्म किए जाते हैं। इनसे 1200 कैलोरी तक बर्न की जा सकती है। ऐसे में हाई-नी स्प्रिंट, पुश एंड पुल, जंप अप के साथ स्क्वैट, बैकवार्ड रनिंग, एक्वा डंबल के साथ बाइसेप कर्ल्स जैसी कई एक्सरसाइज शामिल होती हैं। दो-तीन मिनट के विश्राम के बाद सेट दोहराए जाते हैं। लेकिन इसके लिए कम से कम 4 फीट गहरा पूल होना चाहिए।



**एक्वा जुंबा:** आप डांस के शौकीन हैं तो एक्वा जुंबा के माध्यम से अपना शौक पूरा करने के साथ फिटनेस भी पा सकते हैं। एक्वा जुंबा नए जमाने की एक्वाटिक डांस फिटनेस विधि है। इसमें पारंपरिक एक्वा ऐरोबिक्स और लैटिन जुंबा डांस का मिश्रण होता है। 45 मिनट का सेशन काफी फायदेमंद होता है। हां, इसे पूल के छिछले पानी वाले हिस्से में किया जाता है, इसलिए इसे करने के लिए स्विमिंग जानने की जरूरत नहीं।

**एक्वा योगा:** सामान्य रूप से जमीन पर किए गए योग की तुलना में पानी में किए गए योग के कई अतिरिक्त फायदे होते हैं। पानी की तरलता और कोमलता शरीर को सुरक्षा देती है, जिससे जोड़ों, घुटनों, कोहनियों और कमर में इंज्यरी होने के चांस ना के बराबर हो जाते हैं। पानी में स्ट्रेचिंग और डीप ब्रीदिंग के कांबिनेशन से शरीर को मजबूती, स्टेटिक बैलेंस और रिलैक्सेशन का फायदा मिलता है। एक्वायोगा के लिए पानी का तापमान 20-25 डिग्री सेल्सियस तक रहना अच्छा होता है, इसलिए मसल्स को रिलैक्स होने में मदद मिलती है और कोई पोज लंबे समय तक करने का फायदा मिलता है।

**स्पॉट जॉगिंग:** स्पॉट जॉगिंग करने के लिए कमर तक पानी में खड़े हो जाएं। दोनों हाथ सीधे ऊपर की ओर उठाएं और जैसे जॉगिंग करते हैं, वैसे ही करें। चर्बी कम करने और जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने के लिए यह एक आसान और उपयोगी व्यायाम है। ज्यादा फायदा उठाने के लिए पानी में एक मिनट तक जिग-जैग पैटर्न में दौड़ें। अगले मिनट जहां से दौड़कर आए थे वहां वापस सीधे दौड़ कर जाएं। यह है वॉटर जॉगिंग। इस प्रकार आप प्रति मिनट करीब 17 कैलोरी फैट बर्न कर सकते हैं।

**ब्रिस्क वॉकिंग:** स्विमिंग पूल के एक छोर से दूसरे छोर तक तेजी से चल कर जाएं, लेकिन घुटनों पर भार देकर नहीं, पूरे-पूरे पग तली यानी जमीन पर टिकाते हुए चलें। इससे भी कैलोरी बर्न होती है। यहां बताए गए सभी वाटर वर्कआउट करने से पहले एक्सपर्ट से सीख लें। बेहतर होगा कि वाटर वर्कआउट कराने वाले सेंटर में किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस में भी इसे करें। आपको स्वीमिंग आना भी जरूरी है। *

सीजनल प्रॉब्लम

शैलेंद्र सिंह

बारिश के मौसम में कुछ लोग बेवजह की उदासी या चिड़चिड़ापन महसूस करने लगते हैं। ये लक्षण डिप्रेशन जैसे लगते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा मानसून ब्लूज के कारण होता है। क्या है मानसून ब्लूज, इसके कारण और बचाव के उपाय के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

## मानसून ब्लूज बारिश के मौसम में जब मन रहने लगता है उदास




बारिश की रिमझिम बूंदें मन में रोमांच, ताजगी और कल्पनाओं के रंग घोलती हैं। मगर कई बार ये सारी कवितायी फुर्र हो जाती है। मन उदास हो जाता है। बेचैनी बढ़ जाती है और जो बारिश कल्पनाओं के सितार बजाती है, वह अचानक भयावह लगने लगती है। जी हां, इसे मानसून की मनोवैज्ञानिक अस्वस्थता यानी 'मानसून ब्लूज' कहते हैं। बारिश के लंबे-लंबे दौर जब रोमांचित करने की जगह मन को थकाने लगते हैं, बेवजह चिड़चिड़ापन तारी हो जाता है, कुछ भी अच्छा नहीं लगता, बिना कोई बात हुए भी दिल और मन को उदासी जकड़ लेती है, ऐसी स्थिति को भी मानसून ब्लूज कहते हैं।

**मानसून ब्लूज के कारण:** यह मौसम से जुड़ी मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया है, जिससे हर साल मानसून के मौसम में दो, चार, दस नहीं हजारों लोग प्रभावित होते हैं। चिंता की बात तो यह है कि इस डिजिटल दौर में यह बीमारी कुछ ज्यादा ही संक्रामक होने लगी है। सवाल है, इसका कारण क्या होता है? विशेषज्ञों के अनुसार और हार्वर्ड मेडिसिन स्कूल की मानें तो जब बारिश के दिनों में लगातार आठ घंटे से ज्यादा बादल छाए रहते हैं, धूप का नामोनिशान नहीं होता, तो इंसान के मूड और व्यवहार में बारिश की कल्पना नकारात्मक असर डालने लगती है। कई बार सावन-भादो के महीनों में कई-कई दिनों तक घटाएं घिरी रहती हैं और अंधियारा वातावरण रहता है, जिससे मन बिल्कुल बेचैन हो उठता है, क्योंकि सूरज की रोशनी शरीर को न मिलने से हमारे बॉडी में जो हैप्पी हार्मोन यानी सेरोटोनिन बनता है, उसका लेवल लगातार नीचे गिरने लगता है। गौरतलब है कि यही हार्मोन हमारे मूड को स्थिर रखता है और इसे पॉजिटिव बनाए रखने में हमारी मदद करता है। जब बारिश के दिनों में कई-कई घंटे लगातार सूरज की रोशनी नहीं दिखती, चारो तरफ अंधेरा सा माहौल बन जाता है, तो हमारे शरीर की पॉजिटिव एनर्जी खत्म हो जाती है और सेरोटोनिन के अभाव में हमारे अंदर उदासी छाने लगती है, जो जल्द ही चिड़चिड़ेपन में बदल जाती है। इसकी वजह यह होती है कि शरीर में विटामिन डी का लेवल कम हो जाता है। जिस कारण हम थकान, लो एनर्जी और इम्यूनिटी वीकनेस के शिकार हो जाते हैं और हमें कुछ भी अच्छा नहीं लगता।


लगातार बारिश होने से या बादलों के छाए होने से हमारे मूड बस्टर हार्मोन सेरोटोनिन में कमी हो जाती है और नींद आलस और चिड़चिड़ापन लाने वाले हार्मोन मेलोटोनिन की मात्रा बढ़ जाती है। यह अकसर उनको ज्यादा होता है, जो बारिश के दिनों में वर्क फ्रॉम होम करते हैं। कई-कई घंटे एक ही जगह बैठे रहते हैं। कई दिन घर से बाहर नहीं निकलते। लोगों से मिलना जुलना काफी कम हो जाता है।

### डिप्रेशन नहीं है मानसून ब्लूज

**मानसून ब्लूज** की स्थिति हमें भले अवसादजनक स्थिति का एक रूप लगे, लेकिन यह टेंपरेरी स्थिति होती है, जबकि अवसाद इसके मुकाबले स्थायी स्थिति होती है। मानसून ब्लूज की स्थिति बारिश के दिनों में धूप निकलते ही खत्म होने लगती है और एक घंटे तक धूप में रहने पर लगभग गायब हो जाती है। मानसून ब्लूज में अस्थाई रूप से कोई व्यक्ति हल्की थकान, उदासी और चिड़चिड़ेपन का शिकार हो जाता है तथा अकेलापन महसूस करता है। जबकि डिप्रेशन की स्थिति में ये सारी स्थितियां एहसास नहीं होती बल्कि हमारी वास्तविकता बन जाती हैं। मानसून ब्लूज में हमें खुद लगता है कि हम उदास हैं, लेकिन जब हम डिप्रेशन में होते हैं और डिप्रेशन के कारण उदास होते हैं, तब हमें खुद यह एहसास नहीं होता कि हम उदास हैं। यही नहीं डिप्रेशन के कारण जब हम चिड़चिड़े होते हैं, तब हमें इस चिड़चिड़ेपन का भी एहसास नहीं होता बल्कि लगता है कि हम तो बिल्कुल ठीक हैं, दूसरे लोग हमें चिड़चिड़ा साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए मनोचिकित्सक मानसून ब्लूज को अस्थायी डिप्रेशन की स्थिति मानते हैं, जबकि डिप्रेशन को एक क्लीनिकल मानसिक बीमारी का दर्जा देते हैं।



**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** मानसून ब्लूज या अस्थाई अवसाद की स्थिति से आमतौर पर वे लोग ज्यादा शिकार होते हैं, जो कम सोशल होते हैं यानी जो लोग दूसरे लोगों से सहजता से इंट्रेक्शन नहीं करते। इसके अलावा जो लोग पहले से ही मानसिक तनाव या डिप्रेशन की स्थिति से जूझ रहे हैं, ऐसे लोग लगातार बारिश और कम रोशनी के मौसम में मानसून ब्लूज का शिकार हो जाते हैं। आजकल वर्क फ्रॉम होम करने वाले प्रोफेशनल भी मानसून ब्लूज की समस्या के शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सीनियर सिटीजन, ज्यादा समय तक सोने वाले और दिन का ज्यादातर समय मोबाइल में बिताने वाले लोग भी मानसून ब्लूज का आसानी से शिकार होते हैं। जिन लोगों की दिनचर्या निश्चित नहीं होती, जिनका हर दिन का एक सा रूटीन नहीं रहता। वो लोग भी मानसून ब्लूज की स्थिति का शिकार होते हैं।



**ना बरतें लापरवाही:** हालांकि मानसून ब्लूज कोई जानलेवा बीमारी नहीं है, यह सिर्फ एक मनःस्थिति है। फिर भी यह खतरनाक हो सकती है, अगर एक हफ्ते से ज्यादा बनी रहे। दो हफ्तो से ज्यादा बने रहने पर तो यह गंभीर स्थिति और खतरनाक हो सकती है। आप डिप्रेशन में जा सकते हैं। अनिद्रा का शिकार हो सकते हैं। भूख बिल्कुल नहीं लग सकती और आपके विचार पूर्णतः नकारात्मक हो जाते हैं। इसलिए जैसे ही मानसून के दिनों में मानसून ब्लूज की जकड़न में होने का एहसास हो, तुरंत इससे बाहर निकलने कोशिश करें।

**बचाव के उपाय:** मानसून ब्लूज से छुटकारा पाने के कुछ कारगर तरीके हैं। जब भी, जरा भी सूरज निकले तुरंत रोशनी में आएं, खुद को प्राकृतिक रोशनी में एक्सपोज करें। थोड़ी देर तक धूप में बैठें। घर के दरवाजे, खिड़कियां खोल दें, जिनसे खिड़कियों के रास्ते प्राकृतिक रोशनी आए और कमरे का अंधेरापन दूर हो। हल्का वॉक करें, शरीर को स्ट्रेच करें, योग करें, दोस्तों से बातचीत करें, अपने मनपसंद गीत सुनें, किसी दोस्त से फोन पर बात करें। आजकल सोशल मीडिया का दौर है, इसलिए अपने मनपसंद विषय की कुछ मजेदार रील्स देखें और रूटीन से खुद को अलग करने की कोशिश करें। बुक रीडिंग, म्यूजिक, रचनात्मक गतिविधियां या अपनी मनपसंद हॉबी में कुछ देर गुजारें, जिससे मूड बदलेगा और अवसाद की स्थिति से छुटकारा मिलेगा। मानसून ब्लूज से बचने के लिए अपना खान-पान भी सुधारें। ऊर्जा देने वाले ताजे फल खाएं, अंकुरित अनाज लें, गर्मा-गर्म सूप पीएं, ज्यादा शुगर और जंक फूड्स खाने से बचें।

**इन पर भी गौर करें:** अगर लगातार काम करना पड़ रहा है तो कुछ देर काम छोड़कर रिलैक्स करें, आगे की योजना बनाएं। नियमित तौर पर समय पर सोएं और समय पर बिस्तर से उठें। इस सबसे काफी हद तक मानसून ब्लूज की अवसादजनक स्थिति से बाहर आ सकते हैं। साथ ही इस बात को भी याद रखें कि यह एक मनःस्थिति है, कोई स्थाई बीमारी या कमजोरी नहीं है। इसलिए ऐसी स्थिति से डरे नहीं बल्कि इसे स्वस्थ शरीर की एक जैविक और भावनात्मक प्रतिक्रिया समझकर निश्चिंत रहें कि आप स्वस्थ हैं और जल्द ही इस सबसे बाहर आ जाएंगे। ऐसा सोचने से जल्द ही आप इससे छुटकारा पा सकते हैं। *







सजेशन / डॉ.माजिद अलीम

## बड़ी समस्या बनता जा रहा मोटापा

भारत के दस में से दो घरों के सभी वयस्क ओवरवेट (अधिक वजन) वाले यानी मोटे हैं। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। पांचवें नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5, 2019-21) के डाटा का आईसीएमआर, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च (एनआईसीपीआर), टेरी स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज और सिंबोसिस इंटरनेशनल के शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया। उन्होंने 6 लाख से अधिक घरों में ओवरवेट और मोटापे का विश्लेषण किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगभग 20 प्रतिशत घरों के सभी वयस्क सदस्य ओवरवेट की श्रेणी में हैं, जबकि 10 प्रतिशत घरों के सभी वयस्क सदस्य मोटे की श्रेणी में हैं। जाहिर है खराब जीवनशैली के कारण व्यक्ति ओवरवेट या मोटा होता है और बीमारियों को आमंत्रित करता है। एक अन्य शोध से मालूम होता है कि बढ़ते जीवनशैली रोगों के कारण दिल, मधुमेह आदि रोगों की दवाओं की बिक्री में जबरदस्त इज़ाफा हुआ है।



**गंभीर हो सकती है समस्या:** पब्लिक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में कहा गया है कि आमतौर से परिवार के सभी सदस्यों का एक साथ वजन बढ़ता है। यह संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि एक परिवार में सभी सदस्यों का खान-पान और जीवनशैली का तरीका लगभग समान ही होता है। इसका संबंध जींस से भी हो सकता है। बहरहाल, इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता प्रशांत कुमार सिंह का कहना है कि परिवार में सभी सदस्यों के मोटे होने से इस बात को बल मिलता है कि मोटापे को रोकने के लिए परिवार-केंद्रित प्रयास किए जाने चाहिए बजाय व्यक्ति-केंद्रित हस्तक्षेप के। अध्ययन में ऐसे परिवारों को सावधान किया गया है कि उनके सदस्यों को अनेक असंक्रमित रोगों के होने का भयंकर खतरा है। यह बात हर कोई जानता है कि मोटे लोगों के दिल व पाचन की स्वास्थ्य स्थिति अच्छी नहीं रहती है और उन्हें अनेक क्रोनिक रोग हो सकते हैं जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक, हार्ट फेल आदि। मोटापे का संबंध 13 प्रकार के कैंसर से भी है।

**सावधानी है जरूरी:** चिंता की बात यह है कि युवा आयु वर्ग में मोटापे से ग्रस्त लोग निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। तीस-चालीस साल के व्यक्तियों को यह बड़ी संख्या में हो रहा है, जबकि पहले इनका संबंध बुजुर्ग लोगों से होता था। युवाओं की खराब जीवनशैली इसका मुख्य कारण है। ऐसे में दवाओं से बचना है और स्वस्थ रहना है तो नियमित एक्सरसाइज करना, संतुलित आहार का सेवन जरूरी है। इसके साथ ही अपना वजन ना बढ़ने दें। *



# जैकेट के शेष

## बुजुर्ग प्रोफेसर को ....

लिए निकले थे। इस दौरान उनके पास अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको बेंगलुरु टेलिकॉम डिपार्टमेंट का होना बताते हुए पुलिस के निर्देश पर कॉल ट्रेस करने का झांसा दिया। जालसाज ने संतोष को कॉल ट्रेस करने की वजह बताते हुए कहा कि उनके मोबाइल नंबर से बेंगलुरु के पुलिस थाने में अपराध दर्ज है, इस वजह से उनका कॉल ट्रेस किया जा रहा है। कॉलेज पहुंचने पर संतोष ने जालसाज को कॉल किया, तो उसने एक अन्य जालसाज को पुलिस अफसर बताते हुए उनका नंबर दिया।

## झांसे में लेने गिरफ्तारी ....

राष्ट्रीय सुरक्षा का झांसा देकर अपने अकाउंट को सरकारी अकाउंट होना बताया। इस तरह से चार अलग-अलग बैंक अकाउंट में एक महीने के भीतर जालसाजों ने प्रोफेसर से 88 लाख रुपए की ठगी की।

## न मकान बचे, न....

नदी में आयी भीषण बाढ़ में करीब आधा गांव तबाह हो गया था। धराली गंगोत्री धाम से करीब 20 किलोमीटर पहले पड़ता है और यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। भूस्खलन से धराली जाने वाली सड़कें अवरुद्ध हैं जिससे वहां फंसे लोगों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। उत्तरकाशी जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, मलबे से एक शव बरामद हो गया है जिसकी पहचान धराली के रहने वाले 32 वर्षीय आकाश पंवार के रूप में हुई है।

## एनटीपीसी में एयर ....

बाकी चार घायल मजदूरों में से मजदूर प्रताप सिंह की हालत गंभीर है, जिन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक प्री-एयर हीटर प्लेटफॉर्म पर सभी मजदूर काम कर रहे थे। दोपहर 12.30 मिनट पर प्लांट के यूनिट 5 में एनुअल मेंटनेंस का काम चल रहा था। तभी बैलेंस बिगड़ा और सभी नीचे गिर पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। हादसे में 12 से 15 मजदूरों के फंसे होने की आशंका थी, लेकिन 5 हादसे में घायल हो गए। 3 मजदूरों को एनटीपीसी के अस्पताल ले जाया गया और वहां उनका इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी गई। लेकिन इस हादसे में श्याम साहू की मौत हो गई, वहीं अपोलो में भर्ती प्रताप सिंह की हालत नाजुक है। हादसे के बाद परिसर में मजदूरों के परिजनों ने प्लांट के गेट पर हंगामा शुरू कर दिया है।

**21 मीटर की ऊंचाई पर चल रहा था काम :** जानकारी के मुताबिक, यह हादसा एनटीपीसी के बॉयलर मेंटेनेंस डिपार्टमेंट में हुआ है। इस दौरान 60 टन वजनी ऐश टैंक गिरने से मजदूर नीचे दब गए। इस 21 मीटर की ऊंचाई पर काम कर रहे सात मजदूरों में से दो मजदूर जाली और प्लेट समेत नीचे गिर गए थे। जिसमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरे मजदूर को बिलासपुर के अपोलो अस्पताल रेफर किया गया है। एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी ने इस हादसे में एक मजदूर की मौत की पुष्टि की है।

**नियमानुसार मुआवजा जल्द दिया जाएगा- एनटीपीसी :** एनटीपीसी प्रबंधन ने बुधवार दोपहर को हुए हादसे में संविदा कर्मचारी के मौत की पुष्टि की है। घायलों का उपचार कराने की जिम्मेदारी प्रबंधन ने ली है। साथ सभी को नियमानुसार मुआवजा देने का आश्वासन परिजन को दिया गया है।

## सिंहदेव के कोठीघर ....

प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के कोठी घर के मुख्य द्वार पर पीतल के दो हाथी की मूर्तियां रखी हुई थी। जिसका वजन लगभग 15 किलोग्राम है।

## विदेश दौरे पर पूर्व ....

निवासी राज सोनी ने कोतवाली पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 331(4) व 305 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है लेकिन अब तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग पाया है।

## महंगा नहीं होगा ....

सहमति से रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय किया। इसके साथ ही आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ बनाये रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा।

# पेज एक के शेष

## ट्रंप ने भारत पर फोड़ा...

यदि रूस या कोई अन्य प्रभावित देश अमेरिका की नीतियों के अनुरूप कदम उठाता है, तो इस आदेश में बदलाव भी संभव है। इससे पहले मार्च 2022 में अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमेरिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

## नवा रायपुर में कामन...

राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, स्टार्टअप और युवाओं के लिए नया युग प्रारंभ होगा। यह परियोजना छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति के अनुरूप निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी।

## बीजापुर के ....

क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों को अभियान में रवाना किया गया था। अभियान के दौरान बुधवार सुबह से सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच रुक रुककर लगातार मुठभेड़ जारी है। अब तक की सर्चिंग कार्रवाई में मुठभेड़ स्थल से एक पुरुष माओवादी का शव व हथियार बरामद किया गया है। आईजी ने कहा कि अभी भी अभियान जारी है इसलिए अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिक जानकारी साझा नहीं की जा सकती।

## बीजापुर में 24 लाख के ईनामी...

फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट, आगजनी जैसे कई गंभीर नक्सली वारदातों में शामिल रहे हैं। सभी नक्सलियों ने बुधवार को सीआरपीएफ डीआईजी देवेन्द्र सिंह नेगी, एसपी डॉ जितेन्द्र यादव, एएसपी यूलेण्डन यार्क, डीएसपी शरद जायसवाल व विनीत साहू के समक्ष बिना हथियार के समर्पण किया। समर्पण करने वाले नक्सलियों को 50-50 हजार रुपए प्रदान किया गया। इसके अलावा शासन की पुनर्वास नीति का लाभ भी दिया जाएगा।

**इन्होंने किया समर्पण :** समर्पण करने वाले नक्सलियों में वर्ष 2007 से सक्रिय माड़ डिविजन के कम्पनी नम्बर एक का मेंबर 8 लाख रुपए का ईनामी बक्सू ओयाम (27), निवासी बोड़गा पटेलपारा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर के अलावा 5 लाख का ईनामी बुधराम पोटाम (36), हिड़मा ऊर्फ हिरिया (26), 2-2 लाख के ईनामी मंगू उईका ऊर्फ टोग्गी (38), रोशन कारम ऊर्फ सोनू ऊर्फ अजित (24), मंगलों पोड़ियाम, कमलू हेमला ऊर्फ कुम्मा (28), बुधराम हेमला (47) तथा पण्डरू पूनेम ऊर्फ पदखूटा (38) निवासी मनकेली मेटापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर शामिल है।

## संसद में हंगामे के ...

संसदीय नियमों का हवाला दिया और यह भी कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। दोनों सदनों में विपक्ष के जोरदार हंगामे के बीच बुधवार को एक-एक विधेयक पारित हुए। मर्चेंट शिपिंग बिल बुधवार को लोकसभा से पारित हो गया है। हंगामे के बीच पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मर्चेंट शिपिंग बिल लोकसभा में पेश किया। इस बिल पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी और पेश किए जाने के बाद 20 मिनट के भीतर ही इसे पारित कर दिया गया। आसन से उपसभापति पैनल की संध्या राय ने ध्वनिमत से वोटिंग कराई. वहीं, राज्यसभा में भी एक बिल बिना चर्चा पारित हुआ है।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

विज्ञापन क्र.- 80

**निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-नवा रायपुर अंतर्गत वृत्त नवा रायपुर, सिविल संभाग-नवा रायपुर, महासमुंद, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-नवा रायपुर, महासमुंद एवं विद्युत संभाग कार्यालयों के कार्य संपादन करने हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से मानव संसाधन उपलब्ध कराने के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा सक्षम श्रेणी के निविदाकारों / एजेंसियों से आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजधानी परियोजना संभाग-नवा रायपुर में संपर्क कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
S-44819/1 मो.नं. 9424209041

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग - 02 रायपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र. - 350**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग - 02 रायपुर के अंतर्गत छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र कार्यालय, वृत्त, सिविल संभाग, विद्युत संभाग एवं संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र, सहायक अभियंता कार्यालयों के कार्य संपादन करने के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से विभिन्न श्रेणी के मानव संसाधन उपलब्ध कराने के कार्य हेतु निर्धारित पात्रता रखने वाले प्लेसमेंट / मैनपावर एजेंसियों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत निविदा विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग - 02 रायपुर में संपर्क कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
S-44813/2 मो.नं. 9424209041

**INDIRA GANDHI KRISHI VISHWA VIDYALAYA RKVY-RAFTAAR AGRI-BUSINESS INCUBATOR (IGKVR-ABI)**
1st Floor,O/o DRS Building, IGKV,Raipur-492012C.G.
Tel. 0771-2970217, Email: igkvrabi@gmail.com
www.igkvrabi.com, www.igkv.ac.in

No./IGKV/R-ABI/Advt/BE/2025/72 Raipur, 06/08/2025

**Applications Invited for Business Executive Post at IGKV R-ABI, Raipur**

Online application sare invited for one purelytemporary and contractual post of Business Executive (01) at IGKVR-ABI Project, Raipur under RKVY RAFTAAR Scheme supported by DAC&FW, Ministry of Agriculture & Farmers' Welfare, GoI. For Application form, eligibility and other details, visit www.igkvrabi.com, www.igkv.ac. in and apply on or before 17.08.2025 till 11:59 P.M. A copy of filled application form to be speed posted at RKVY-RAFTAAR Agri-Business Incubator (IGKV R-ABI) 1st Floor, O/o DRS Building, IGKV, Raipur-492012 C.G. Only eligible candidates will be intimated for the interview.

Head,DAB&RM
College of Agriculture, IGKV, Raipur (C.G.)
S-44815/1

**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**URBAN LOCAL BODY, PREM NAGAR**

**E-procurement Tender Notice (1st Call)**
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

NIT No. 1228/N.P./2025 Prem Nagar/Dated 05-08-2025

Online bids are invited for followings works up to 29-08-2025.

| S. No. | System Tender no. | Name of Work | Probable Amount of Contract (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 173248 | Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire SystemInNagar Panchayat, Premnagar under SBM 2.0 | Rs 245.68 | Rs 1.50 | In appropriate Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 06-08-2025 at 17:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Urban Local Body Prem Nagar
District-Surajpur (C.G)

**जिला परिषद कार्यालय**
**पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि PR 358291 Panchayat Raj (25-26)D के माध्यम से प्रकाशित अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – ESZP/JSR/Epro-10/2025-26 में संशोधन निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | – | 08.08.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे |

नोट – अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, पूर्वी सिंहभूम,
जमशेदपुर

PR 358957 Panchayati Raj (25-26)_D

**Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya**
Pt. Shiv Kumar Shastri College of Agriculture & Research Station,
Gram and Post-Surgi, Gundardehi Main Road District-Rajnandgaon(C.G.)
Pincode-491441, E-mail-coa rjn@rediffmail.com

No./COA/RJN/2025-26/ 669 Dt.06.08.2025

**(Advertisement) Walk in interview**

Applications are invited from eligible candidates for the selection of Guest Faculty (Purely on temporary basis) to teach B.Sc. Ag.(Hons.) courses in the following discipline at Pt. Shiv Kumar Shastri College of Agriculture & Research Station, Surgi, Rajnandgaon for academic session 2025-26.

| S. No. | Discipline | No. of Post | Minimum Qualifications | Honorium |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Soil Science & Ag. Chemistry | 01 | Master's Degree in concerned subject along with NET/Ph.D. | Rs. 1800/- per day (Maximum Rs. 40,000/- per month) |

For further details please, visit university website https://igkv.ac.in

DEAN
SKS College of Agriculture and Research Station Rajnandgaon (C.G.)

**बिक्री सूचना**

**वंदना विद्युत लिमिटेड (परिसमापन में)**

परिसमापक: श्री संजय गुप्ता
परिसमापक का पता: एएए हाउस, 64, ओखला एस्टेट मार्ग, मोदी मिल्स के पीछे, ओखला फेज III, ओखला औद्योगिक एस्टेट, नई दिल्ली, दिल्ली 110020ईमेल: vandana.vidhyut@aaainsolvency.com, assetsale1@aaainsolvency.in sanjaygupta@aaainsolvency.com, मोबाइल-8800865284 (श्री वसीम)

**ई-नीलामी**

दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अंतर्गत परिसंपत्तियों की बिक्री
ई-नीलामी की तिथि और समय: 3 सितंबर, 2025, दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक
(प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 1 सितंबर, 2025, शाम 7 बजे तक
बोलीदाता द्वारा दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि: 30 अगस्त 2025

वंदना विद्युत लिमिटेड के स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री–परिसमापन ("सीडी") में, जो माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, कटक बेंच द्वारा 16 दिसंबर, 2019 के आदेश द्वारा नियुक्त परिसमापक द्वारा गठित परिसमापन एस्टेट का हिस्सा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफॉर्म यानी बैंकनेट के माध्यम से की जाएगी, जिसकी वेबसाइट https://baanknet.com/ है:

| ई-नीलामी | ब्लॉक | आरक्षित मूल्य (भा.मुद्रा) | प्रारंभिक ईएमडी राशि (भा.मुद्रा) | वृद्धिशील मूल्य (भा.मुद्रा) |
|---|---|---|---|---|
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश, अर्थात वंदना ग्लोबल लिमिटेड के कुल 23,06,156 शेयर। | ए | 4,73,32,968 | 47,33,297 | 8,00,000 |
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश, अर्थात गंगा शिपिंग लॉजिस्टिक्स एंड सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के कुल 3,00,000 शेयर। | बी | 2,16,98,147 | 21,69,815 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश, अर्थात निर्सस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के कुल 3,50,000 शेयर। | सी | 2,00,04,659 | 20,00,466 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश, अर्थात वी जी रियल एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के कुल 2,09,600 शेयर। | डी | 1,55,05,717 | 15,50,572 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश, अर्थात कलावती इस्पात एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के कुल 37,400 शेयर। | ई | 30,62,049 | 3,06,205 | 1,00,000 |

नियम और शर्तें

1. ई-नीलामी "जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है", "जो भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर आयोजित की जाएगी क्योंकि ऐसी बिक्री BAANKNET द्वारा IBBI ई-नीलामी पोर्टल (https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home) पर अनुमोदित सेवा प्रदाता के माध्यम से किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना होगी।
2. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016, अनुसूची, "बिक्री का तरीका" खंड 1 (5A) के अनुसार, बोलीदाताओं को यह घोषित करना होगा कि वे धारा 29A के तहत अयोग्य नहीं हैं; हालाँकि, यदि बाद में अपात्रता स्थापित हो जाती है, तो जमा की गई कोई भी EMD जब्त कर ली जाएगी।
3. कृपया ध्यान दें कि EMD सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केवल बैंकनेट नीलामी मंच के माध्यम से ही जमा करना होगा।

हस्ता./- संजय गुप्ता
वंदना विद्युत लिमिटेड के इस मामले में, आईबीबीआई परिसमापक
(पंजी. संख्या-आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00117/2017-2018/10252)
पता: एएए हाउस, 64, ओखला एस्टेट मार्ग, मोदी मिल्स के पीछे,
स्थान: नई दिल्ली ओखला फेज III, ओखला औद्योगिक एस्टेट, नई दिल्ली, दिल्ली 110020
दिनांक-07.08.2025 संपर्क व्यक्ति: मोहम्मद वसीम, श्री असीम और श्री ऋतु राज (+91-8800865284)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in,
Fax No. 07868-224040

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**
https://eproc.cgstate.gov.in
**(निविदा संशोधन सूचना)**

इस कार्यालय द्वारा (1) निविदा सूचना क्रमांक 69 एवं 70/ सा. निविदा/ 2025-26 कांकेर, दिनांक 14.07.2025 एवं (2) निविदा सूचना क्रमांक 71 से 77/ सा. निविदा/ 2025-26 कांकेर, दिनांक 18.07.2025 को ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किया गया है, को अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार आंशिक संशोधन की जाती है:-

| स. क्र. | विवरण | निविदा सूचना क्र./ प्रकाशन नं. | पूर्व में निर्धारित तिथि | वर्तमान में संशोधन तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | End date for Physical Doc submission (Affidavit in Envelope D) (by Registered/ Speed Post). | क्र. 69 एवं 70/ सा.नि./ 2025-26 कांकेर, दिनांक 14.07.2025 (Advertisement No 252602220) | Date 05.08.2025 | Date 12.08.2025 |
| 2 | | क्र. 71 से 77 / सा.नि. / 2025-26 कांकेर, दिनांक 18.07.2025 (Advertisement No 252602322) | Date 06.08.2025 | |

अधीक्षण अभियंता
G-252602645/2 लोक निर्माण विभाग, कांकेर, मण्डल कांकेर

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक जमानतदार के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03-08-2023 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 03-08-2025 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है :

| क्र. सं. | खाते, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग सूचना की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | रमनजीत कौर, चनप्रीत सिंह | मकान नंबर-एमआईजी-1183, ख.नं. 482/1, 482/4, 482/7, प.ह.नं. 103/35, छ.ग.हा.बो. वीर सावरकर नगर, वार्ड संख्या 01, रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492099 चौहद्दी: पूर्व-एल.आई.जी प्लॉट, पश्चिम-रोड, उत्तर-एम.आई.जी 1184, दक्षिण-एम.आई.जी 1182 | 33,03,119 |

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपरोक्त राशि ब्याज और लागत के साथ चुकाएं, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं-(1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को जारी करने के लिए पट्टे, बिक्री के असाइनमेंट के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार शामिल हैं (2) पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करना।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित संपत्ति को होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 07-08-2025 होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

**ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, साहेबगंज**
ई0मेल आई0डी0. exenbcd816109@gmail.com,मो0 नं0– 7903452842

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**
**द्वितीय शुद्धि पत्र**

पी0आर0 नं0– 356762 Building(25-26)_D एवं पी0आर0 नं0– 357869 Building(25-26)_D के माध्यम से आमंत्रित Construction of JSFC Godown 1000 MT at Rajmahal, Barhait and Pathna के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना में निम्न संशोधन किया जाता है।

**e – Tender reference no. BCD, SAHIBGANJ/08F2/2025-26 Date- 05.07.2025**

1. कार्य की विवरणी:–

| क | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Construction of JSFC Godown 1000 MT Rajmahal | 2,76,60,911/- | 2,77,000/- | 10,000/- | 08.08.2025 (03:00 PM) | 21.08.2025 (02:00 PM) | 22.08.2025 (02:00 PM) | 11 माह | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची। |
| 2 | Construction of JSFC Godown 1000 MT Barhait | 2,91,28,636/- | 2,92,000/- | 10,000/- | | | | 11 माह | |
| 3 | Construction of JSFC Godown 1000 MT Pathna | 2,90,50,110/- | 2,91,000/- | 10,000/- | | | | 11 माह | |

शेष निविदा की शर्तें यथावत रहेगी। PR 358974 Building(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, साहेबगंज

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक जमानतदार के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03-08-2025 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 03-08-2025 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है :

| क्र. सं. | खाते, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग सूचना की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | बलवीर सिंह, मनदीप सिंह | फ्लैट संख्या-02, भूतल, रिया रेजीडेंसी, खं.नं. 562/22-भाग-77, प.ह.नं. 90/20, ग्राम- सिलतरा, रा.नि.मं.-धारसीव, तहसील/जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493221 चौहद्दी: उत्तर-मार्ग, दक्षिण-मार्ग, पूर्व-मार्ग, पश्चिम-फ्लैट नं. 03 | 7,70,239 |
| 2. | जीतेन्द्र सोनी, नोविता सोनी | खं.नं.-1548/79, प.ह.नं.-50, ग्राम कैलाश नगर, प्लॉट नं.-53 का भाग, अक्ता चौक से लोहिया रोड, कुरुद वार्ड, वार्ड नंबर-16, भिलाई, तहसील एवं जिला- दुर्ग, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490023 चौहद्दी: उत्तर-सड़क, दक्षिण-निशा शुक्ला का मकान, पूर्व-हनुमंतु रवि का मकान, पश्चिम-बिहारी लाल का मकान। | 16,48,563 |

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपरोक्त राशि ब्याज और लागत के साथ चुकाएं, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं-(1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को जारी करने के लिए पट्टे, बिक्री के असाइनमेंट के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार शामिल हैं (2) पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करना।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित संपत्ति को होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर, भिलाई द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 07-08-2025 होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

**JAMSHEDPUR NOTIFIED AREA COMMITTEE**
New Kalimati Road, Sakchi-831001
E- mail ID-jnacjsr@gmail.com

**Short E- Procurement Notice**
**Tender Notice**

NIT No- JNAC/10/2025-26 Date-02.08.2025


| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Faecal Sludge and Septage Management Under Jamshedpur Notified Area Committee (JNAC), Hurlung Jamshedpur. (4th Call) |
| 2. | Estimated Cost (rs.) | Construction cost with operation & maintenance cost of one year total Rs. 3,33,49,799.00 |
| 3. | Cost of Bid Document (INR) | INR 10,000/- (Ten thousand Only) Non-Refundable. |
| 4. | Bid Security (INR) | Bid Security: Rs 3,33,497.00 |
| 5. | Time of Completion | 1Year |
| 6. | Date/Time of publication of tender on website | 11.08.2025 at 05:00 Pm |
| 7. | Document downloading Start date | 11.08.2025 at 05:00 Pm |
| 8. | Pre bid meeting date, Time & venue | 14.08.2025 at 03:00 Pm, JNAC Conference Hall |
| 9. | Bid Submission Start date | 18.08.2025 at 05:00 Pm |
| 10. | Bid Submission end date | 25.08.2025 at 05:00 Pm |
| 11. | Bid Opening date | 26.08.2025 (Online) 03:00PM |
| 12. | Mode of Submission of bids | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 13. | Name and address of office inviting tender | Deputy Municipal Commissioner, Jamshedpur Notified area Committee,Jamshedpur. |
| 14. | Contact No. of procurement officer | |
| 15. | Helpline No. of E-procurement cell | |

Note- 1. Only E-tender will be accepted, further details can be seen on website (http://jharkhandtenders.gov.in)

Deputy Municipal Commissioner,
Jamshedpur Notified Area Committee,
Jamshedpur.

PR.NO.358963 Urban Development(25-26):D


## शब्द पहेली - 5951



**बाएँ से दाए**

1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 5950 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | र | ग | ना | ■ | आ | म | रा | य | ■ |
| फि | ■ | न | ज | ला | ■ | फि | क | र | ■ | त |
| त | ल | ■ | ल | य | ■ | स | र | ■ | ला | ल |
| र | ह | ना | ■ | क | हा | र | ■ | ज | ल | वा |
| त | र | सा | ना | ■ | ति | ■ | ज | ल | च | र |
| ■ | ■ | ■ | र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | ता | ■ | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | ■ | स | ई | स | ■ | प | ह | रा |
| ग | ला | ■ | स | दा | ■ | ल | स | ■ | त | य |
| द | ■ | ग | ली | चा | ■ | वा | न | र | ■ | ण |
| ■ | का | श्त | का | र | ■ | र | म | जा | न | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5961

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5960 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# मृतकों के खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाएगा आरबीआई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मृतकों के बैंक खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा। इस पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के नामांकित व्यक्तियों के पक्ष में दावों के निपटान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मल्होत्रा ने कहा कि इसके अलावा, केंद्रीय बैंक, आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से ट्रेजरी बिल (सरकारी प्रतिभूति) में निवेश कर सकें।

## 1949 के प्रावधानों के तहत नॉमिनी की सुविधा उपलब्ध

गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा, "हम मृतकों के बैंक खातों और लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान की प्रक्रिया को मानकीकृत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक और सुगम होने की उम्मीद है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत, जमा खातों, लॉकर में रखी वस्तुओं के संबंध में 'नॉमिनी' की सुविधा उपलब्ध है।





## ग्राहकों की मृत्यु पर शीघ्र निपटान होगा

आरबीआई के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान या वस्तुओं की वापसी या सुरक्षित जमा लॉकर की सामग्री को वापस दिलाना तथा परिवार के सदस्यों कोहोने वाली कठिनाई को कम करना है।

*दावों के शीघ्र निपटान की सुविधा मिलेगी : मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभिन्न बैंकों में ये प्रक्रियाएं अलग-अलग होती हैं।*

## खुदरा निवेशकों को गिल्ट खाते खोलने की सुविधा मिलेगी

रिटेल डायरेक्ट में टी-बिलों के लिए एक स्वतः 'बिडिंग' सुविधा शुरू की गई है, जिसमें निवेश और पुनर्निवेश दोनों विकल्प शामिल हैं। इसने कहा कि इस सुविधा से निवेशकों को ट्रेजरी बिल की प्राथमिक नीलामी में बोलियां लगाने में मदद मिलेगी। 'रिटेल डायरेक्ट पोर्टल' नवंबर, 2021 में रिटेल डायरेक्ट योजना के तहत रिजर्व बैंक में खुदरा निवेशकों को अपने गिल्ट खाते खोलने की सुविधा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।

## जल्द जारी किया जाएगा परिपत्र का मसौदा

आरबीआई के अनुसार, "ग्राहक सेवा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बैंकों को प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को मानकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एक परिपत्र का मसौदा जल्द ही सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया जाएगा।"

**एवरेडी का मुनाफा 3% बढ़कर 30 करोड़ रुपए : नई दिल्ली।** कंपनी एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 30.23 करोड़ रुपये रहा है।

## डर्मफ्यूजन क्लिनिक में स्किन व हेयर ट्रीटमेंट पर राखी स्पेशल ऑफर

**रायपुर।** रक्षाबंधन के खास मौके पर डर्मफ्यूजन स्किन एंड हेयर क्लिनिक, अवंती विहार द्वारा विशेष फेस्टिव ऑफर की घोषणा की गई है। इस ऑफर के तहत स्किन और हेयर से जुड़ी प्रोसीजर पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

क्लिनिक के डायरेक्टर्स डॉ. अक्षय बोरा और डॉ. अनुराधा घाटगे बोरा ने बताया कि यह ऑफर सीमित समय के लिए है और इसका उद्देश्य त्योहार के इस सुंदर अवसर पर लोगों को आत्म-देखभाल के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि डर्मफ्यूजन एक अत्याधुनिक सुविधा युक्त सेंटर है, जहां सर्जिकल और नॉन-सर्जिकल कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट किए जाते हैं। यहां सभी प्रक्रियाएं यूएस एफडीए से अप्रूव्ड मशीनों के माध्यम से की जाती हैं, जिससे मरीजों को सुरक्षित और असरदार परिणाम मिलते हैं।

## हीरो मोटोकॉर्प के लाभ में 65 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड का चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 65.24 प्रतिशत बढ़कर 1,705.65 करोड़ रुपये हो गया। सहयोगी इकाई एथर एनर्जी के आईपीओ के दौरान उसमें अपने निवेश का हिस्सा बेचने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता ने बुधवार को शेयर बाजारों को दी एक सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्तवर्ष की इसी तिमाही में 1,032.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। कंपनी ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत परिचालन राजस्व घटकर 9,727.75 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 10,210.79 करोड़ रुपये था।

# यूपीआई का रिकॉर्ड, एक दिन में अमेरिका की आबादी से दोगुना ज्यादा हुआ लेन-देन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजिटल की तरफ बढ़ते भारत में यूपीआई की लोकप्रियता कितनी बढ़ गई है, इसका अंदाजा इस बात से भी लगा सकते हैं कि एक दिन में अमेरिका की आबादी से दोगुना ज्यादा लेन-देन यूपीआई के जरिए हुआ है।

साल 2024 के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका की आबादी लगभग 341.2 मिलियन थी, लेकिन भारत में 2 अगस्त 2025 को एक दिन में रिकॉर्ड 707 मिलियन ट्रांजेक्शंस यूपीआई के माध्यम से किए गए। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा साझा किए गए ये आंकड़े दिखाते हैं कि किस तरह से इस प्लेटफॉर्म का उपयोग तेज़ी से बढ़ा है। पिछले कुछ वर्षों में ही यूपीआई ने यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। 2023 में, प्रतिदिन लगभग 350 मिलियन (35 करोड़) यूपीआई ट्रांजेक्शन होते थे। अगस्त 2024 तक यह संख्या बढ़कर 500 मिलियन (50 करोड़) हो गई। अब यह आंकड़ा 700 मिलियन (70 करोड़) तक पहुंच चुका है।

## 1 बिलियन (100 करोड़) ट्रांजेक्शंस का लक्ष्य

अब सरकार का लक्ष्य है कि यूपीआई के जरिए रोजाना होने वाले ट्रांजेक्शंस को 1 बिलियन (100 करोड़) तक पहुंचाया जाए। ऐसा अनुमान है कि यूपीआई ट्रांजेक्शंस इसी तरह से बढ़ता रहा तो अगले साल तक यह लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा। पिछले महीने, यूपीआई के जरिए लगभग 19.5 बिलियन (1.95 अरब) ट्रांजेक्शंस किए गए, जिनकी कुल राशि 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही। भारत में अब लगभग 85% डिजिटल लेन-देन यूपीआई के माध्यम से किए जाते हैं। यही नहीं, दुनियाभर में होने वाले कुल डिजिटल ट्रांजेक्शंस का करीब 50% हिस्सा अब यूपीआई से हो रहा है।

गठियावात, लकवा एवं सभी प्रकार के दर्द में अत्यंत गुणकारी
Since-2000 मारुति® मसाज ओइल
झटपट दिलाये आराम
गठियावात एवं हर प्रकार के दर्द निवारक मसाज तेल
गुणधर्म : हाथ, पैर, कमर, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, संधिवात, गठीयावात, साइटिका, लकवा और सभी प्रकार के वेदना।
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment आवश्यकता

**टीचर**

आवश्यकता है- Pratap Public Higher Secondary School (English Medium) Kailash Nagar Birgoan Required all subject Teacher to teach for High & Higher Classes. Contact:- 7974177186, 8962181101.(RO-365)

**डिलीवरी कार्य**

आवश्यकता है- सोर्टर लोडर (पिकर पैकर) और वेन से डिलीवरी हेतु कूरियर ऑफिस में लड़कों की आवश्यकता है, 8वी से 12 वी पास,सैलरी+ बोनस । सम्पर्क करे- +91 7354577811, 9109310898.(निशुल्क जॉब) (आरो न.-7195)

**सुरक्षागार्ड/ड्रायवर**

आवश्यकता है- मंदिर हसौद, रायपुर के ग्राम कूटेसर में सब्जी बाड़ी+सुरक्षा गार्ड कार्य हेतु छोटा परिवार और कार ड्राइवर । रहने, खाने पीने की व्यवस्था उपलब्ध । वेतन 10000+योग्यतानुसार । 9300049800.(RO-A)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-6762)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑपरेटर/अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल डिपो में निम्न पदों की आवश्यकता है (1)बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर (2) अकाउंटेंट (3) गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवक/ युवतियों की । औषधि वाटिका, डूमरतराई 9770099119 9669426111. (RO-430)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस प्रमोशन+ ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना मो. 9039470547, 88155 22974 (RO-6761)

**सेल्स/मैकेनिक**

आवश्यकता है- ATHER इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम में सेल्स एक्जीक्यूटिव, सर्विस एडवाइजर एवं मैकेनिक की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ATHER जीई रोड, शास्त्री नगर, सुपेला, भिलाई 9685275357. (RO-38399)

**अन्य**

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 22500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री) 08920930586.(RO-1094)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

RAIPUR SMART BUSINESS
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड | CMA DATA | BALANCE SHEET | MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं (व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9798472261.RO-(1092)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD हरिभूमि
CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

# स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला सहारा, सेंसेक्स 166 अंक फिसला

- बाजार में शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पाई
- आईटी और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली



एजेंसी ▶▶ मुंबई

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था।सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिका की चेतावनी से उपजे व्यापार तनावों के बावजूद घरेलू बाजार जुझारू बना रहा और निफ्टी 24,500 अंक के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। हालांकि औषधि क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा और इस क्षेत्र पर शुल्क चेतावनियों का असर दिखा।"

## अल्ट्राटेक सीमेंट रहा नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## एसबीआई रहा लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

## ईआईडी पैरी का मुनाफा 464.46 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** चीनी निर्माता- ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड का अप्रैल-जून, 2025 तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 464.46 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 225.87 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
क्लिनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन: 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Makeover मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन डॉ. करूणा जैन
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सभी प्रकार की एलर्जी
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
8962566221, 07714916125, 7223065604

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (डीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# नेशनल बैंक ओपन : टॉसन ने कीज को हराया, सेमीफाइनल में ओसाका से भिड़ेंगी

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

क्लारा टॉसन ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल कर 2025 के अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉसन को पहला सेट जीतने में सिर्फ 27 मिनट लगे। दूसरा सेट टॉसन के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा। इगा स्वियाटेक और मैडिसन कीज पर लगातार जीत के साथ क्लारा टॉसन ने अपने सातवें डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। टॉसन का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।



### ओसाका ने एलिना को 6-2, 6-2 से हराया

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी।

### टॉसन वाकई बहुत मजबूत : ओसाका

टॉसन के साथ अपने सेमीफाइनल मुकाबले के बारे में बात करते हुए, ओसाका ने कहा, वह वाकई बहुत मजबूत हैं। मैंने इस साल ऑकलैंड में उनके साथ खेला था और चोटिल होने के कारण मुझे बीच में ही मैच रोकना पड़ा था। इसलिए, मैं बहुत खुश हूं कि मैं स्वस्थ हूं और मुझे उम्मीद है कि देखने आने वाले सभी लोगों के लिए यह एक अच्छा मैच होगा। ओसाका और टॉसन का सेमीफाइनल मुकाबला उनके करियर का दूसरा मुकाबला होगा। टॉसन ने इस साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना पहला मैच जीता था। उस मैच में, ओसाका को पहला सेट 6-4 से जीतने के बाद रिटायर होना पड़ा था।



### सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे फ्रिट्ज और शेल्टन

टोरंटो। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका एक दूसरे से मुकाबला होगा। यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-3, 7-6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी. मिनौर को 6-3, 6-4 से हराया। 22 वर्षीय शेल्टन पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फ्रिट्ज और शेल्टन के बीच बुधवार को होने वाला मुकाबला 2010 में एंडी रॉडिक की सिनसिनाटी में मार्डी फिश पर जीत के बाद पहली बार होगा, जब अमेरिका के दो खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराया

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज अंकित राजेश कुमार की 46 गेंद में 96 रन की ताबड़तोड़ पारी से वेस्ट दिल्ली लायंस ने दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टर्ज को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने कप्तान आयुष बडोनी की 25 गेंद में 48 रन की आक्रामक पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 185 रन बनाए। वेस्ट दिल्ली लायंस ने महज 15.4 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकित ने 46 गेंद की अपनी पारी 11 चौके और छह छक्के जड़े।

### चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स: टूर्नामेंट स्थल पर आग लगने से स्थगित

**चेन्नई।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के आयोजन स्थल होटल हयात रीजेंसी में कल रात आग लग गई। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

### बुमराह की क्षमता असाधारण और अविश्वसनीय : तेंदुलकर

**मुंबई।** पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज 'संयोग' था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी 'असाधारण और अविश्वसनीय' है। बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में से तीन मैच में ही खेले थे। श्रृंखला में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही।

### मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए शुभमन, बेन और मुल्डर नामित

# गिल और स्टोक्स फिर आमने-सामने आईसीसी अवार्ड के लिए होगी टक्कर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2–2 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान ने सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा।



### कप्तानों की सूची में दूसरे स्थान पर शुभमन

गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, "शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए।" आईसीसी ने कहा, 'उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए, जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।' आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर 'सर्वकालिक महान' विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया।

### मुल्डर ने बनाए नाबाद 367 रन

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए। आईसीसी ने कहा, 'मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं।' आईसीसी ने भारत के खिलाफ स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए और 26.33 की औसत से 12 विकेट लिए। उन्होंने दबाव की परिस्थितियों में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया।'

#### एशिया कप 2025

## टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल शुभमन, सुदर्शन और जायसवाल




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में जगह बनानने की दौड़ में शामिल हैं, जो 9 सितंबर से शुरू होगा। भारत को सितंबर के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है, लेकिन इसके बावजूद ये तीनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बनाने की रेस में शामिल हैं।

एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान अगस्त के तीसरे सप्ताह में किया जा सकता है। हालांकि गिल और यशस्वी ने व्यस्त शेड्यूल की वजह से पिछले कुछ टी20 सीरीज में भारत के लिए नहीं खेले थे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद वो एशिया कप के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

### सेलेक्टर्स ने खुले रखे विकल्प

बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक टीम इंडिया के सेलेक्टर्स ने विकल्प खुले रखे हैं। एशिया कप का फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा जबकि इसके लगभग एक सप्ताह के अंदर ही वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू हो जाएगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। गौरतलब है कि जायसवाल ने आईपीएल 2025 में 160 के स्ट्राइक रेट से 559 रन बनाए थे, जबकि गिल ने 15 मैचों में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि अभी पांच हफ्ते का ब्रेक है और कोई क्रिकेट नहीं होने के कारण संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद इन तीनों को भी टी20 टीम में जगह मिलनी चाहिए।

# सिराज का हैदराबाद में जोरदार स्वागत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने के बाद बुधवार को अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

सिराज ने पांच मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक 23 विकेट लिए। हैदराबाद का रहने वाला यह 31 वर्षीय खिलाड़ी काले रंग की कैजुअल पोशाक में इससे पहले फील्डिंग कोच टी. दिलीप के साथ सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सिराज से सेल्फी और ऑटोग्राफ के लिए अनुरोध किए गए, लेकिन वह हैदराबाद के लिए उड़ान पकड़ने के लिए जल्दी से कार में सवार होकर वहां से निकल गए। हैदराबाद में प्रशंसक पहले ही उनके स्वागत के लिए तैयार थे। इस बीच हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने अभी तक उनसे बात नहीं की है। लेकिन हम निश्चित रूप से उनके लिए कुछ (सम्मान) योजना बनाएंगे, क्योंकि वह कुछ दिनों के लिए शहर में रह सकते हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया।'



### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : हासिल की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

# सिराज ने लगाई लंबी छलांग, पहुंचे 15वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में 9 विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई।

उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी, जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी।



### बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी।

### जायसवाल शीर्ष पांच में लौटे

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह पैर की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल सके थे।

SBI भारतीय स्टेट बैंक कचहरी शाखा जिला-रायपुर | आम सूचना

हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्ता हो रही है कि 13 अक्टूबर 2025 से हमारी भारतीय स्टेट बैंक की कचहरी शाखा अधिक सुविधाजनक और विशाल स्थान पर स्थान्तरित हो रही है। नया पता खालसा स्कूल के सामने ऑक्सीजोन, केएफसी और डीसीबी बैंक के बगल में, रायपुर (छ.ग.) है। हमारे टेलीफोन नंबर 0771-4040712 और 0771-4032785 है।
हम यह भी सलाह देते हैं कि नए परिसर में लॉकरों के परिवहन और पुनः स्थापना के कारण 09.10.2025 से 15.10.2025 तक लॉकर सेवायें बाधित हो सकती है। यदि आप अपने लॉकर की सामग्री हटाना चाहतें हैं, तो कृपया अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए, स्थानांतरण की तिथि से कम से कम 7 दिन पहले ऐसा करें इसके आलावा आपके पास सुविधा बदलने या बंद करने का विकल्प भी है।
हम नए स्थान से आपको बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। (मुख्य प्रबंधक)

GOVT. OF MAHARASHTRA
Public Works Division, Pandharpur - 413 3304
Phone No. 02186/226975
Web-www.mahapwd.gov.in & email ID: pandharpur.ee@mahapwd.gov.in

E-TENDER NOTICE NO. 09 YEAR 2025-2026

Sealed online e- tenders for the following works are invited by the Executive Engineer, Public Works Division, Pandharpur-413304 (Telephone No.02186/226975) from the eligible contractors. Details of Works are below.

| Sr. No. | Name of Work | Tender Type | Estimated Cost Rs. | Earnest Money Rs. | Time limit for Completion | Cost of e-tender Form Fee Rs. | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Improvement to Mangalwedha Khomanal Bhalawani Nimboni Mariaai chowk Bavachi Jangalgi Salgar bk road MDR 73 km 20/00 to 29/00 (Section-Mariaai chowk to Salgar bk) Tal:-Mangalwedha Dist:-Solapur. | B-1 | 7,73,80,824/- (Rs. Seven Crore Seventy Three lakh Eighty thousand Eight hundred Twenty Four only) | 3,87,000/- (pay online only) | 12 Month (Including Mansoon) | 3,540/- (Non Refunded pay online only) | Registration Certificate with P.W.D. Not Required |
| 2 | Four Lanning of Watambare-Mangalwedha Section of NH 166 KM 276/00 to 321/600 (PKG III) in the State of Maharashtra. ....... A) Kamlapur Village Chainage Km 282/040 to 282/810 B) Reniwal to Sangola (Sutgirani) to Wadegaon KM 283/310 to 292/310 (Sangola City Portion Existing Leangth) TAL Sangola Dist. Solapur. | B-1 | 5,15,14,991/- (Rs. Five Crore Fifteen lakh Fourteen thousand Nine hundred Ninety one only) | 2,58,000/- (pay online only) | 6 Month (Including Mansoon) | 3,540/- (Non Refunded pay online only) | Registration Certificate with P.W.D. Not Required |


e-tender time table

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Download Period of online Tender. | Dt. 07/08/2025 at 11.00 am. to Dt. 14/08/2025 at 17.30 p.m. |
| 2. | Submit Bid Last date and time | Dt. 07/08/2025 at 11.00 am. to Dt. 14/08/2025 at 17.30 p.m. |
| 3. | Online Raised any Technical Point Last date and time. (Pre-bid Meeting). | In the Office of the Chief Engineer, P.W. Region, Pune Dt. 11/08/2025 @ 12.30 Hrs (Virtually) |
| 4. | Place, Date and timing of opening Technical-bid and Financial bid. | Dt 18/08/2025 at 11.00 hrs. to in the office of Superintending Engineer, Public Works Circle, Solapur (If Possible). |

Note:-
1. There are 2 Work in this tender notice.
2. All Information regarding E-Tender will be available from 07/08/2025 @ 11.00 on following website. (i) www.mahapwd.com (ii) www.mahatenders.gov.in
3. All eligible/interested contractors who want to participate in tendering process should compulsory get enrolled on e-tendering portal https://mahatenders.gov.in
4. The details and any addendum / corrigendum in respect of above tender shall be published on above website only. And no separate notification shall be issued in the press. Hence prospective bidders are requested to visit above website regularly to keep the yourself updated
5. The Executive Engineer, Public Works Division, Pandharpur Reserves right to accept or reject any offer. Conditional offers will not be accepted.
6. All papers which have been submitted in Technical Envelope (Online) should be submitted in Hard Copy within 72 hours of Bid Submission.

sd/-
(A.T. Nimkar)
Executive Engineer,
Public Works Division, Pandharpur

DGIPR-2025-26/1982




# डरा रहे हैं हिमालय के बादल... बच्चों को सबसे ज्यादा खतरा

**नई दिल्ली।** हिमालय के बादल जिन्हें पहले सबसे साफ माना जाता था अब जहरीले हो गए हैं। इन बादलों में ऐसे भारी मेटल्स मिल रहे हैं, जिनसे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है खासकर बच्चों में। रिसर्च की मानें तो पूर्वी हिमालय के बादलों में प्रदूषण ज्यादा है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत काम करने वाली बोस इंस्टीट्यूट ने एक रिसर्च की है। इस रिसर्च में पाया गया कि पश्चिमी घाट और पूर्वी हिमालय में मानसून की शुरुआत बिना बारिश वाले बादलों में कैडमियम, तांबा और जिंक जैसी जहरीली धातुएं पाई गई हैं। ये बड़ों के मुकाबले छोटे बच्चों के लिए ज्यादा खतरे की बात है। इसने एक बार फिर से प्रदूषण को लेकर कड़ी चेतावनी दे दी है।

- वैज्ञानिकों की चेतावनी से मचा हड़कंप



### कैसी हुई पूरी जांच?

इस रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों ने 2022 में पश्चिमी घाट में आईआईटीएम और पूर्वी हिमालय में दार्जिलिंग स्थित बोस इंस्टीट्यूट की छत से नमूने लिए थे। इनमें बिना बारिश वाले निचले स्तर के बादलों में मौजूद भारी धातुओं की जांच की गई थी, जिसके बाद ये नतीजे सामने आए थे।

### किस बीमारी का ज्यादा खतरा?

रिसर्च के मुताबिक, भारत में इन जहरीली धातुओं से बीमार होने का खतरा 30 प्रतिशत ज्यादा है। रिसर्च में ये भी कहा गया कि, पूर्वी हिमालय के ऊपर मौजूद प्रदूषित बादलों में जहरीली धातुएं ज्यादा होने की वजह से नॉन कैंसर वाली बीमारियों की संभावना ज्यादा है। इसके अलावा बादलों में घुला हुआ क्रोमियम सांस के जरिए शरीर में जाने से कैंसर की संभावना भी बढ़ गई है।

### क्या है प्रदूषण की वजह?

रिसर्च में पाया गया कि बादलों में ज्यादा मात्रा में भारी धातुएं पहाड़ी इलाकों से आने वाली गाड़ियों और कारखानों की वजह से है। साथ ही वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि बादल ही इन मेटल्स को एक से दूसरी जगह ले जाते हैं। हालांकि, भारत के बादल अभी भी चीन, पाकिस्तान, इटली और अमेरिका जैसे देशों की तुलना में कम प्रदूषित हैं। हिमालय के बादलों में जहरीली धातुएं जैसे कैडमियम, तांबा और जिंक मिले हैं। इससे बच्चों में कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा है। इसकी वजह गाड़ियों और कारखानों से निकलने वाला धुआं है।

खुलासा

# कहां गायब हो गया गंगा नदी का 58 प्रतिशत पानी?

आईआईटी रूड़की की चौंकाने वाली रिसर्च

**नई दिल्ली।** आईआईटी रूड़की के वैज्ञानिकों ने गंगा नदी पर रिसर्च की है, जिसमें सामने आया है कि हिमालय से निकलते समय गर्मियों के समय गंगा का बहाव और पानी कैसे कम होता है। इसके अलावा जांच करने वाली टीम ने गंगा नदी को लेकर और भी चौंकाना वाले खुलासे किए हैं। आईआईटी प्रोफेसर अभयानंद एस.मौर्य और उनकी टीम अपनी रिसर्च में कुछ चौंकाने वाले बातें सामने रखी हैं। इसमें उन्होंने बताया कि गंगा नदी गर्मियों में अपना आधे से ज्यादा पानी खो देती जिसपर किसी का ध्यान नहीं जाता। साथ ही ये भी पता चला है कि गर्मियों में गंगा का पानी ग्लेशियर के पिघलने से नहीं, बल्कि जमीन के अंदर के पानी से आता है।



### कितना बढ़ता है गंगा का पानी?

जैसे ही गंगा हिमालय से निकलकर मैदानी क्षेत्रों में आती है, भूजल की वजह से इसका जलस्तर 120 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। हालांकि, इस रिसर्च में एक बड़ी समस्या भी सामने आई है जिसमें बताया गया कि गर्मियों में गंगा नदी का 58% से अधिक पानी भाप बनकर उड़ जाता है।

### प्रोफेसर ने क्या कहा?

आईआईटी प्रोफेसर अभयानंद एस.मौर्य का कहना है कि, भारत की सबसे जरूरी नदियों में से एक गंगा की सेहत और विरासत दोनों को बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक है कि जमीन के अंदर के पानी को बचाया जाए। इस खोज का असर आने वाले समय में पानी के इस्तेमाल और इसे बचाने वाली योजनाओं पर भी पड़ सकता है।



### रिसर्च से क्या सुझाव सामने आया?

इस रिसर्च के माध्यम से ये सुझाव दिया गया कि, गंगा को पानी देने वाली छोटी नदियों को फिर से ठीक करने और जमीन में पानी को रिचार्ज करने की जरूरत है। इससे सूखे मौसम में भी गंगा नदी का पानी लगातार बना रहेगा। आज जब जलवायु परिवर्तन पानी के लिए खतरा बनती जा रही है। ऐसे में ये रिसर्च गंगा नदी को समझने का नया तरीका देती है।

### कब तक चली रिसर्च?

रिसर्च में 20 साल के डाटा का अध्ययन किया गया। इसमें पुरानी बातों को गलत साबित किया गया कि उत्तर भारत में जमीन के अंदर का पानी कम हो रहा है। रिसर्च में सामने आया कि गंगा के मैदानी इलाकों में जमीन के नीचे का पानी ज्यादा स्थिर है। इसका सबूत है हजारों हैंडपंप जिनसे लगातार पानी निकलता रहता है।

# वो इकलौती मछली, जो 400 मीटर तक भरती है उड़ान, फिर ऐसे देती है मौत को चकमा!

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई ऐसी प्राकृतिक अजूबे हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। अगर ये हमारी आंखों के सामने आ जाएं, तो उनपर भरोसा करना मुश्किल होता है। ऐसी ही एक अजूबा हैं उड़ने वाली मछली। हम बात कर रहे हैं एक ऐसी मछली की, जो सिर्फ पानी में नहीं रहती, बल्कि हवा में भी ग्लाइड करके लंबी दूरी तय कर सकती है। इसे देखकर ऐसा लगता है कि मानो कोई चिड़िया आसमान में उड़ रही हो। ये अनोखा जीव हमें दिखलाती है कि अपने अस्तित्व को बचाने के लिए कैसे जीवन अविश्वसनीय तरीकों से खुद को ढाल लेता है। यह सिर्फ एक मछली नहीं है, बल्कि एक जीवित चमत्कार है। ये मछलियां एक्सोकोएटिडे परिवार से जुड़ी होती हैं, जिन्हें आमतौर पर उड़ने वाली मछली कहा जाता है। इन्हें यह नाम बिल्कुल सही मिला है, क्योंकि ये पानी से बाहर निकलकर अपने फैले हुए पेक्टोरल पंखों की मदद से लंबी दूरी तक हवा में ग्लाइड करने की क्षमता रखती हैं।



### 200 मीटर से अधिक दूरी तक उड़ने का रिकॉर्ड

इन मछलियों का सुव्यवस्थित टॉरपीडो जैसा आकार इन्हें पानी के अंदर इतनी स्पीड देता है कि ये सतह से बाहर निकलकर हवा में आ जाती हैं और इनके बड़े पंखों जैसे फिन इन्हें हवा में उठा लेते हैं। एक बार हवा में आने के बाद ये मछलियां काफी दूरी तक ग्लाइड कर सकती हैं। इनकी उड़ानें आमतौर पर लगभग 50 मीटर की होती हैं, लेकिन कुछ मछलियों को 200 मीटर या उससे भी अधिक दूरी तक उड़ते हुए रिकॉर्ड किया गया है। कुछ प्रजातियों में बड़े पेल्विक पंख भी होते हैं, जो उन्हें दो पंखों वाले ग्लाइडर की तुलना में और भी दूर (400 मीटर तक) उड़ने की अनुमति देते हैं। इन मछलियों को चार-पंखों वाली उड़ने वाली मछली के रूप में जाना जाता है।

# के2-18बी पर जीवन के संकेत...भारतीय वैज्ञानिक की रिसर्च से दुनिया के वैज्ञानिकों में छिड़ी बहस

**नई दिल्ली।** अप्रैल महीने में वैज्ञानिकों की टीम ने दावा किया था कि एक दूर के ग्रह पर जीवन के संकेत हो सकते हैं। लेकिन, हाल ही में हुई जांच में कुछ और ही पता चला है। नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप के डाटा से इस एक्स्पोप्लैनेट की जानकारियां सामने आईं थीं। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर निक्कू मधुसूदन और उनके साथियों ने अप्रैल में कहा था कि उन्हें जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के डाटा से के2-18बी नाम के ग्रह के वातावरण में डाइमिथाइल सल्फाइड और डाइमिथाइल डाइसल्फाइड नाम के अणु के निशाम मिले हैं। आमतौर पर ये अणुओं धरती पर जीवन से जुड़े होते हैं। इसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि शायद इस एक्स्पोप्लैनेट या सुपरअर्थ पर जीवन संभव हो सकता है।

### क्या वहां लोग रहते हैं?

धरती पर सल्फर से जुड़े ये यौगिक छोटे समुद्री जीवों द्वारा बनाए जाते हैं। मधुसूदन ने कहा था कि, ये पहले ऐसे संकेत हैं जो बताते हैं कि हम ऐसी एलियन दुनिया को देख रहे हैं जहां शायद लोग रहते हैं। बता दें कि के2-18बी एक सुपरअर्थ है, जो धरती से 124 लाइट ईयर की दूरी पर है। इसका डायमीटर धरती से 2.6 गुना बड़ा है और वजन धरती से 8.6 गुना ज्यादा है।



### बाकी शोधकर्ताओं ने क्या कहा?

दूसरे वैज्ञानिकों ने भी उन्हीं आंकड़ों की जांच अलग-अलग तरीकों से की है, लेकिन उन्हें इन मॉलेक्यूल्स के होने का कोई सबूत नहीं मिला। कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक रेनयू हू और उनके साथियों ने के2-18बी के आंकड़ों को मधुसूदन की टीम के साथ मिलकर दोबारा जांचा।

### दूसरी टीम को क्या सबूत मिला?


रेनयू हू ने कहा कि, यह रिसर्च इस बात का सबूत नहीं देती कि उस ग्रह के वातावरण में ये अणु मौजूद हैं। दूसरी टीम को भी कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले। हालांकि, प्रोफेसर मधुसूदन ने कहा कि, उनकी टीम ने डाटा की फिर से जांच की है और अब उन्हें अधिक विश्वास है कि डाइमिथाइल डाइसल्फाइड ही इस पूरे मामले को सबसे सही जवाब है










# 12-13 अगस्त को आसमान से हर घंटे टपकेंगे 150 उल्कापिंड!

**लंदन।** इस अगस्त के महीने में आपको रात में आसमान में पर्सिड्स मिटियोर की बौछार देखने को मिलेगी और साथ ही इस रात को आपको आकाश में कई सारी चीजें घटित होते हुए नजर आएंगी। साधारण और सही भाषा में बताएं तो यह अगस्त का महीना उन लोगों के लिए बहुत ही खास होगा, जो आसमान की तरफ देखना पसंद करते हैं।

**किस वक्त बरसेगा उल्का :** उल्का की बारिश हर साल होती है और यह नजारा बहुत खूबसूरत होता है। इस साल पर्सिड्स मिटियोर 12 और 13 अगस्त की रात अच्छे से देखने को मिलेगा। वैसे तो उल्का की बरसात जुलाई से शुरू होकर 24 अगस्त तक चलेगी। लेकिन, 12 और 13 अगस्त की रात आपको ये नजारा हर 2-4 मिनट में दिख जाएगा। इन दो रातों को आपको हर घंटे लगभग 150 मिटियोर दिख सकते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com